D Edition

Reg.No.RJ26D00120077

दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्


Bharattimesnews01@gmail.com

वर्ष- 3 अंक-20 दिल्ली, गुरूवार 27 फरवरी 2025 पेज-8 ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित

**विचार**

सबसे बुद्धिमान लोग समय की हानि से सबसे अधिक परेशान होते हैं

दांते एलघिएरी



महाशिवरात्रि आज



# सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए संत समाज हरसंभव प्रयास करे : राष्ट्रपति मुर्मु

- समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करना, समाज को जागरूक करना और महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाना आवश्यक
- देश को आगे ले जाने के लिए सामाजिक चेतना आवश्यक है : राज्यपाल श्री पटेल
- संत, सत्ता और शासन की त्रिवेणी के संगम से बागेश्वर धाम बना रहा है नये कीर्तिमान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव
- राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु की उपस्थिति में बागेश्वर धाम में हुआ 251 जोड़ों का सामूहिक विवाह, राष्ट्रपति
- ने उपहार देकर की नव दम्पतियों के सुखमय जीवन की कामना
- राज्यपाल श्री पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी दिया आशीर्वाद
- नव दम्पतियों को भेंट स्वरूप दिए जाएंगे 51-51 हजार रूपए

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और श्री बागेश्वर धाम सेवा समिति द्वारा कराए जा रहे सामूहिक कन्या विवाह समारोह की सराहना की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने नव दम्पतियों को उपहार दिए। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि समारोह में नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी के लिए विभिन्न वस्तुओं के साथ-साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीन जैसी उपयोगी वस्तुएं भी उपहार में दी जा रही हैं। राष्ट्रपति ने सामूहिक कन्या विवाह समारोह को जन सहयोग से जनकल्याण का श्रेष्ठ उदाहरण बताया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा स्वयं उपस्थित होकर प्रदेश के वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया

*भोपाल। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामय उपस्थिति में बागेश्वर धाम में 251 जोड़ों का सामूहिक विवाह महोत्सव हुआ। भव्य समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित सामूहिक विवाह में दाम्पत्य सूत्र में बंध रहे जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि समकालीन समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और समाज को जागरूक करने के लिए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पहल सराहनीय है। गुरूनानक देवजी, संत रविदास, कबीरदास, मीरा बाई जैसे कई संतों ने अपने उपदेशों से छुआछूत जैसी कुरीतियों को दूर करने और महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाने का संदेश दिया है। समाज को सन्मार्ग दिखाने की संत परम्परा के इस उद्देश्य को बागेश्वर धाम प्रभावी रूप से आगे बढ़ा रहे है।*

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने मंदिरों की दान पेटियों की राशि, गरीब परिवारों की बेटियों के उत्थान में लगाने का किया आह्वान

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के सम्मुख जोड़ों की वरमाला रस्म संपन्न हुई, उन्होंने प्रतीक स्वरूप 3 जोड़ों को उपहार भेंट किए। श्री बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुईं 251 बेटियों में से 108 बेटियां जनजातीय समुदाय की हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के बागेश्वर धाम पहुंचने पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने अंगवस्त्रम और तुलसी की माला भेंट कर उनका अभिनंदन किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने हनुमान यंत्र, बालाजी सरकार का विग्रह, धाम से जुड़ा साहित्य और स्मृति चिन्ह भी भेंट किये। इस अवसर पर धाम द्वारा आयोजित छठे सामूहिक विवाह महोत्सव पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन हुआ। समारोह में खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि देश वुमेन लेड डेवलपमेंट को लेकर अग्रसर है। ऐसे समय में बेटियों को सबल और सशक्त बनाने में सहयोग करना समाज और सरकार का कर्तव्य है। बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करने के लिए जन-जन को प्रतिबद्ध होना होगा। बेटियों के सशक्त होने से परिवार, समाज और देश सशक्त होगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाशिवरात्रि पर सपत्नीक भगवान महाकाल की पूजा कर अभिषेक किया



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक महाशिवरात्रि महापर्व पर महाकाल मंदिर में बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान बाबा श्री महाकाल का जल, दुग्ध अभिषेक भी किया। विक्रम महोत्सव 2025 के पूर्व कलश यात्रा का किया शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नव जागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव-2025 समारोह के शुभारंभ के पहले बुधवार सुबह कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्रीराम तिवारी निदेशक-महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, डॉ. प्रशांत पुराणिक, डॉ. रमण सोलंकी, संजय यादव, संजय अग्रवाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## तमिलनाडु में भीषण सड़क हादसा, दो महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत

**करुर।** तमिलनाडु के करूर जिले में कुलिथलाई के पास बुधवार सुबह एक कार और राज्य परिवहन निगम की बस की टक्कर में दो महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों वाहनों के बीच टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बस के आगे के हिस्से को भी नुकसान पहुंचा है। दमकल और बचावकर्मियों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार के हिस्सों को काटकर शवों को बाहर निकालना पड़ा। पुलिस के अनुसार, यह हादसा कुलिथलाई के पास हुआ।

## इस बार थार महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को प्रमोट करेंगी चर्चित आईएएस टीना डाबी

**बाड़मेर।** राजस्थान की चर्चित आईएएस टीना डाबी का अगला मिशन स्थानीय कलाकारों को प्रमोट करना है। टीना ने इन कलाकारों को प्लेटफार्म देने की तैयारी कर ली है। लोक कला, संस्कृति, पर्यटन और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 7 मार्च से होने वाले थार महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। बाड़मेर में आयोजित होने वाले थार महोत्सव को लेकर इस बार कलेक्टर के मन में स्थानीय कलाकारों के लिए खास प्लान है। महोत्सव की तैयारियों को लेकर उन्होंने एक बैठक में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि थार महोत्सव में सेलिब्रिटी के साथ अब स्थानीय लोक कलाकारों को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। आईएएस टीना डाबी अपने नवाचारों के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं। इस बार उन्होंने लोक कलाकारों को प्रमोट करने का खास प्लान तैयार किया है। इसके तहत बाड़मेर में आयोजित होने वाले थार महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को उचित प्लेटफार्म देकर प्रमोट किया जाएगा। इसके लिए बाड़मेर कलेक्टर ने प्लानिंग कर ली है। उन्होंने महोत्सव की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में अपनी मंशा जताते हुए अधिकारियों को निर्देश भी दे दिए हैं।

### न्यूज. ब्रीफ

#### सेना की गाड़ी पर हमला, राजौरी में आतंकियों ने की फायरिंग

**राजौरी।** जम्मू कश्मीर के राजौरी में सेना की गाड़ी पर हमला हुआ है। बुधवार को आतंकियों ने सेना के काफिले पर गोलीबारी की है। हमला सुंदरबनी इलाके में हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आतंकियों ने सेना के वाहन पर एक से दो राउंड फायरिंग की। हमले के समय सेना का वाहन गश्ती कर रहा था। हमले में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

#### उद्योगपतियों ने की पंजाब सीएम से शंभू बॉर्डर खोलने की मांग

**चंडीगढ़।** विधानसभा में मंत्री अमन अरोड़ा द्वारा शंभू बॉर्डर खोलने का मुद्दा उठाने के बाद जालंधर के उद्योगपतियों ने पंजाब सीएम भगवंत मान के सामने यह मुद्दा उठाया। सीएम के सरकारी आवास पर हुई बैठक में उद्योगपतियों ने शंभू बॉर्डर बंद होने की वजह से उद्योग और व्यापार पर होने वाले असर के बारे में सीएम को जानकारी दी। इस दौरान उद्योगपतियों ने सीएम को मांग-पत्र भी सौंपा। उद्योगपतियों ने कहा कि पंजाब भौगोलिक रूप से जमीनी सीमाओं से जुड़ा राज्य है।

#### बाघिन ने दो ग्रामीणों पर किया हमला, फिर गांववालों ने पीट-पीटकर मार डाला

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी में दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन के एक गांव में भटककर पहुंची बाघिन ने दो स्थानीय ग्रामीणों पर हमला किया था। गुस्साए स्थानीय लोगों ने दो साल की बाघिन को बुधवार को कथित तौर पर मार डाला। दुधवा बफर जोन के उपनिदेशक ने बताया कि वन अधिकारियों ने पलिया तहसील के गांव से बाघिन के शव को बरामद कर रेंज मुख्यालय भेज दिया है।

## सप्ताह में 70 से 90 घंटे कार्य करने की बात यार्डी ने की खारिज



- 47.5 घंटे काम की वकालत, घंटों से ज्यादा रिजल्ट मायने रखता है

**नई दिल्ली।** कैपजेमिनी इंडिया के सीईओ ने भारतीय कर्मचारियों के लिए काम के सप्ताह में 70-90 घंटे के कार्य के विचार को खारिज कर दिया है। उन्होंने इस मुद्दे पर एक संतुलित और मानवीय दृष्टिकोण अपनाया है। भारत में सप्ताह में 47.5 घंटे काम करने की वकालत की। कैपजेमिनी सीईओ अश्विन यार्डी ने कहा कि वह वीकेंड पर कर्मचारियों को ईमेल भेजने के खिलाफ हैं। वह मुंबई में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जब उनसे पूछा गया कि भारतीय कर्मचारियों के लिए काम के आदर्श घंटे क्या होने चाहिए, तो उन्होंने कहा कि साढ़े सैंतालीस घंटे। हमारे पास एक दिन में नौ घंटे और सप्ताह में पांच दिन होते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों से मेरा मार्गदर्शक सिद्धांत है कि वीकेंड पर ईमेल न भेजें जाएं, भले ही कोई जरूरी मामला हो, जब तक कि आप उसे वीकेंड पर हल कर सकें। यार्डी ने माना कि कभी-कभी वह वीकेंड पर काम करते हैं, लेकिन वह कर्मचारियों को ईमेल भेजने से बचते हैं, क्योंकि सिर्फ कर्मचारियों को परेशान करने का कोई मतलब नहीं है, जब यह पता हो कि काम वीकेंड पर नहीं हो सकता। इस कार्यक्रम में नैसकॉम की चेयरपर्सन सिंधु गंगाधरन ने कहा कि काम के रिजल्ट, घंटों से ज्यादा मायने रखते हैं। मैरिको के सीईओ ने भी इस विचार का समर्थन किया और कहा कि वह कभी-कभी रात 11 बजे ईमेल भेजते हैं। कैपजेमिनी सीईओ के ये बयान ऐसे समय आया है, जब इंफोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने 70 घंटे के कार्य सप्ताह की वकालत की थी, वहीं एलएंडटी के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यन ने 90 घंटे के कार्य सप्ताह का आह्वान किया था, जिसने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था। बता दें सुब्रमण्यन ने हाल ही में कर्मचारियों के साथ बातचीत में कहा कि उन्हें इस बात का अफसोस है कि वे अपने कर्मचारियों को रविवार को काम पर नहीं लगा पाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि घर पर बैठकर क्या करते हो? कब तक अपनी पत्नी को घूरते रहोगे और कब तक पत्नी अपने पति को घूरती रहेगी। उनके इस बयान की काफी आलोचना भी हुइ थी।

## सूडान में सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से करीब 46 लोगों की मौत




**काहिरा।** सूडान में एक सैन्य विमान के ओमडुरमैन शहर में दुर्घटनाग्रस्त होने से करीब 46 लोगों की मौत हुई है। सेना और स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी है। सेना ने बताया है कि ''एंटोनोव'' विमान ओमडुरमैन के उत्तर में वादी सैयदना एयरबेस से उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सेना ने बताया है कि दुर्घटना में सैन्य कर्मियों और आम नागरिकों की मौत हुई है, लेकिन सेना के बयान में यह नहीं बताया गया कि कितने लोग मारे गए। सेना ने फिलहाल दुर्घटना के पीछे की भी जानकारी नहीं दी है। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि करीब 19 लोग मारे गए हैं। उनके शवों को ओमडुरमैन के नाउ में भेजा गया है। अस्पताल में दो बच्चों सहित पांच घायल भर्ती कराए गए हैं। बता दें कि सूडान 2023 से गृहयुद्ध की स्थिति में है, जब सेना और अर्धसैनिक समूह ''रैपिड सपोर्ट फोर्सेज'' के बीच तनाव गृहयुद्ध में तब्दील हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक एंटोनोव विमान उत्तरी ओमडुरमैन में वादी सेइदना सैन्य हवाई अड्डे से उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जो ग्रेटर खार्तूम का हिस्सा है। एक अन्य रिपोर्ट में बताया है कि दुर्घटना में 10 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुरूआती मृतकों की संख्या 19 जाहिर की थी, जिसमें बताया गया था कि विमान ओमडुरमैन के करारी जिले में एक घर के ऊपर गिर गया था। खार्तूम में वरिष्ठ कमांडर मेजर जनरल बहर अहमद कथित तौर पर मृतकों में शामिल हैं। उत्तरी ओमडुरमैन के निवासियों ने बताया है कि दुर्घटना के कारण जोरदार विस्फोट हुआ, जिससे कई घर क्षतिग्रस्त हो गए और आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है।

## पीएम मोदी मई में जा सकते हैं रुस, विजय दिवस परेड में होंगे शामिल



*नई दिल्ली। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी 9 मई को मास्को के रेड स्क्वायर में आयोजित होने वाले विजय दिवस परेड में शामिल हो सकते हैं। यह परेड द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट में रुसी सैन्य सूत्रों के हवाले से जानकारी दी कि इस यात्रा के दौरान भारतीय सेना की एक टुकड़ी भी परेड में शामिल हो सकती है। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका और रूस के बीच बातचीत चल रही है। पीएम मोदी पहले भी रूस और यूक्रेन दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मिलकर शांति की अपील कर चुके हैं। रिपोर्ट में सैन्य सूत्र ने बताया कि रेड स्क्वायर पर होने वाले परेड में भारतीय सशस्त्र बलों की एक औपचारिक टुकड़ी की भागीदारी पर भी काम किया जा रहा है, जिसे रिहर्सल के लिए कम से कम एक महीने पहुंचना चाहिए। सूत्र ने यह भी बताया कि भारतीय सैन्यकर्मियों को रूस भेजने से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा चल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक रूसी विदेश मंत्री ने पहले ही कहा था कि कई आमंत्रित देशों ने 9 मई को मास्को में होने वाले कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। यह कार्यक्रम द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित की जा रही है। पीएम मोदी पिछले साल अक्टूबर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस गए थे। यह शिखर सम्मेलन रूस की अध्यक्षता में कजान में आयोजित हुआ था।*

## विकल्प को लेकर बोले थरुर- बीजेपी ने नहीं जाऊंगा उनकी विचारधारा अलग

### राजनीति में पार्टी के लिए जरूरी है वह विचार और सिद्धांत रखे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने साफ कहा है कि वह बीजेपी में शामिल नहीं होंगे। खास बात है कि थरूर ने हाल ही में कह दिया था कि अगर कांग्रेस को उनकी जरूरत नहीं है, तो उनके पास कई विकल्प हैं। इसके साथ ही उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलें भी तेज हो गईं थी, जिसका बाद में थरूर ने खंडन भी किया था। शशि थरु ने बीजेपी में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया है और इसकी वजह विचारधारा में अंतर होना बताया है। उन्होंने कहा कि हर पार्टी की अपनी मान्यताएं और इतिहास है। अगर आप उनकी मान्यताओं को नहीं मान सकते, तो किसी अन्य पार्टी में जाना गलत है। मुझे नहीं लगता कि यह सही है, लेकिन स्वतंत्र होने का विकल्प हमेशा खुला है। उन्होंने कहा कि आज के राजनीतिक माहौल में मुझे लगता है कि सभी को पार्टी की, संगठन की, वाहन की जरूरत है जो उनके विचारों को आगे ले जाएं। राजनीति में एक पार्टी के लिए जरूरी है।

## महाशिवरात्रि पर रामलला के दर्शन करने पहुंचे लाखों श्रद्धालु, कई मार्गों को किया डायवर्ड

**अयोध्या।** यूपीप के अयोध्या में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ है। महाशिवरात्रि के मौके पर यहां आस्था का सैलाब उमड़ गया है। सुबह से ही श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हैं। महाकुंभ से पहुंचे करीब 12 लाख श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए यहां पहुंचे हैं। अयोध्या के नागेश्वरनाथ, क्षीरेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक और दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ है। प्रभु श्रीराम की नगरी में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। वैदिक रीति रिवाज के साथ भगवान भोलेनाथ का मां पार्वती के साथ वैवाहिक कार्यकम मनाया जा रहा है। लाखों की भीड़ की सुरक्षा को देखते हुए रात 9 बजे के बाद शिव बारात संशोधित मार्ग से निकाली जाएगी। महाकुंभ की भीड़ को देखते हुए शिव-पार्वती का विवाह और जलाभिषेक को लेकर जिला प्रशासन ने बेहतर इंतजाम किए हैं। अयोध्या प्रशासन की ओर से महाशिवरात्रि पर्व पर शहर, अन्य स्थानों और जिलों से आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी से बचाने के इंतजाम किए गए हैं। राम मंदिर के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है। शहर के कई मार्गों पर डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। बड़े और छोटे वाहनों के परिचालन पर रोक लगाई गई है।

## गोदावरी नदी में नहाने गए 12 युवक डूबे, पांच की मौत



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में बुधवार सुबह नहाने गए 12 लोगों के एक समूह में से पांच लोग गोदावरी नदी में डूब गए। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा सुबह करीब साढ़े आठ बजे ताड़ीपुड़ी गांव के तल्लापुडी मंडल में हुआ। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस के मुताबिक गोदावरी नदी में नहाने गए 12 युवकों में से पांच डूब गए जबकि सात किसी तरह बचने में सफल रहे। समूह के लोग स्नान के बाद महाशिवरात्रि पर्व पर पास के एक मंदिर जाने वाले थे। मृतक और बचे युवकों में ज्यादातर की उम्र 20 साल से कम बताई जा रही है। पुलिस दमकल सेवा और स्थानीय लोग डूबे हुए लोगों की तलाश कर रही है।

## महाराष्ट्र में 11 बीजेपी विधायकों को मिली अहम विधान समितियों की जिम्मेदारी

### शिवसेना-एनसीपी का कब खत्म होगा इंतजार

- हालांकि, महायुति के सहयोगी दल शिवसेना (शिंदे गुट) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के विधायकों को अब तक समितियों में स्थान नहीं मिला है

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा की समिति के विभाजन की घोषणा कर दी गई है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 11 विधायकों को विभिन्न समितियों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। हालांकि, महायुति के सहयोगी दल शिवसेना (शिंदे गुट) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के विधायकों को अब तक समितियों में स्थान नहीं मिला है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण और विधायक रणधीर सावरकर के नेतृत्व में इन विधायकों को इन समितियों में नियुक्त किया गया है। समितियों में



जगह पाए 11 बीजेपी विधायकों में - सार्वजनिक उपक्रम समिति - राहुल कुल, पंचायत राज समिति - संतोष दानवे-पाटिल, आश्वासन समिति - रवि राणा, अनुसूचित जाति कल्याण समिति - नारायण कुचे, अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति - राजेश पाडवी, महिला अधिकार और कल्याण समिति - मोनिका राजले, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति - किसन कथोरे, मराठी भाषा समिति - अतुल भातखलकर, विशेष अधिकार समिति - राम कदम, धमार्दाय निजी अस्पताल जांच समिति - नमिता मुंदडा एवं विधायक निवास व्यवस्था समिति - सचिन कल्याणशेट्टी हैं। इस कदम को भाजपा विधायकों के लिए राजनीतिक रूप से पुनर्वास के अवसर के रूप में देखा जा रहा है, विशेष रूप से उन विधायकों के लिए जो मंत्री पद से वंचित रह गए थे। हालांकि, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी के नेता अभी भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महायुति के हर सहयोगी दल को विधायी समितियों में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सत्ता के वितरण को लेकर किसी भी प्रकार की रस्साकसी नहीं हो रही है। शिवसेना और एनसीपी के पास 9-9 समितियां महाराष्ट्र विधानसभा में कुल 29 विधायी समितियां हैं।



## न्यूज | ब्रीफ


### गुणवत्ता पूर्ण पथ प्रदर्शन संचलन व घोष प्रदर्शन का किया प्रदर्शन

अलवर /राजेश गुप्ता। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से महाशिवरात्रि पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय घोष दिवस में गुणवत्ता पूर्ण पथ संचलन व घोष प्रदर्शन किया गया। आजाद उद्यान में घोष प्रदर्शन रहा। पथ संचलन शाम चार बजे बाबूशोभाराम राजकीय कला कॉलेज से प्रारंभ हुआ। जो जेल चौराहा, अम्बेडकर चैराहा, भगत सिंह चौराहा, बिजली घर चौराहा, अशोक चौराहा से होते हुए चन्द्रशेखर आजाद उद्यान (नेहरू पार्क) पर समाप्त हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर करतार सिंह जी और मुख्य वक्ता जसवंत जी खत्री (क्षेत्र कार्यवाह राजस्थान)थे।विशेष उपस्थिति कृष्ण कुमार गुप्ता (माननीय विभाग संघचालक) औरश्रीवर्धन जी (क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, राजस्थान) थे। आजाद पार्क में आयोजित स्वयंसेवक कार्यकताओं के कार्यक्रम में ब्रिगेडियर करतार सिंह ने कहा कि सेहत और शिक्षा सभी को आगे ले जाती है। पढ़ते रहोगे तो आगे बढ़ोगे पढ़ना जरूरी है वरना नौकरी नहीं लगेगी ।उन्होंने कहा कि 8 घंटे जीवन में आराम काफी है और जीवन में कभी आराम की लालसा भी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने तीन भ का जिक्र करते हुए अर्थ बताते हुए कहा कि पहले भ "भाषा" किसी भी भाषा का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए अलग-अलग राज्य में उनकी अलग-अलग भाषा हो सकती है सबकी भाषा का सम्मान करना चाहिए। दूसरी भ भावना सभी की भावनाओं का ध्यान रखना चाहिए सब एक दूसरे से जुड़े हुए हैं अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन भावना सभी की एक होती है। भावना का ख्याल रखना चाहिए ।तीसरी भ "भगवान" उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म संप्रदाय किसी भी जाति के भगवान का आदर करो कभी भी उसे पर कमेंट ना करो। मुख्य वक्ता राजस्थान के क्षेत्र कार्यवाह श्रीमान जसवंत खत्री ने कहा कि गुणवत्ता पथ संचलन यह संदेश देता है की कार्यक्रम गुणवत्ता का कार्यक्रम है जिसमें सभी प्रकार की गुणवत्ता को सुधारा जाता है व्यक्ति की गुणवत्ता सुधारने से वे समाज में राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हैं करते हैं उन्होंने शाखा का महत्व बताते हुए कहा कि हर कार्यक्रम में स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता की भूमिका होती है उन्होंने तरुण स्वयंसेवकों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम स्वभाव में गुणवत्ता को सुधारते हैं गुणवत्ता समाज की ताकत बढ़ाने में काम आते हैं ।उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को राष्ट्र हित में जीने की आदत हो । इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित कर उनकी गुणवत्ता सुधारी जाती है ।उन्होंने हर स्वयंसेवक के लिए कहा कि अच्छा सच्चा और पक्का बनने के लिए शाखाओं का बड़ा महत्व है।

# जोधपुर मंडल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिलेगी 10 कार्य दक्षता शील्डें

**महाप्रबंधक स्तर पर पुरस्कृत होंगे जोधपुर मंडल के 16 अधिकारी व कर्मचारी**

- 69 वां विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह आज जयपुर में
- बेस्ट टिकट चेकिंग का व्यक्तिगत कप भी जोधपुर को




♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के गुरुवार को जयपुर में मनाए जाने वाले 69 वें विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में जोधपुर मंडल के 16 कर्मचारियों और अधिकारियों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए महाप्रबंधक स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही वर्ष 2024 के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जोधपुर मंडल को कुल 10 कार्य दक्षता शील्डें प्रदान की जाएगी। मंडल ने विशेषकर लेखा,वाणिज्य,ट्रैक, आरओबी/आरयूबी और सुरक्षा कार्य,संरक्षा, कार्य प्रबंधन,सर्वश्रेष्ठ शेड व सर्वश्रेष्ठ कोचिंग डिपो इत्यादि क्षेत्रों में जोन स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए शील्डें अपने नाम की है। जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को जयपुर के रेलवे अधिकारी क्लब(उत्सव) में होने वाले विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में महाप्रबंधक अमिताभ रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत करेंगे।उन्होंने कहा कि मंडल को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य दक्षता की दस शील्ड मिलना अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्य दक्षता व टीम वर्क की भावना को दशार्ता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जोधपुर मंडल को लेखा एवं वित्त प्रबंधन शील्ड,वाणिज्य कार्यकुशलता शील्ड,सर्वश्रेष्ठ शेड शील्ड(भगत की कोठी शेड), ट्रैक,आरओबी/ आरयूबी, और सुरक्षा कार्य शील्ड,कार्य प्रबंधन शील्ड,मैकेनिकल(कैरेज एंड वैगन) शील्ड(द्वितीय छह माह),सर्वश्रेष्ठ कार्यशाला (जोधपुर वर्कशॉप) शील्ड(द्वितीय छह माह),सर्वश्रेष्ठ कोचिंग डिपो शील्ड,सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा शील्ड(द्वितीय छह माह) तथा संरक्षा शील्ड प्रदान करने की घोषणा की गई है। इसके साथ ही टिकट चेकिंग से सर्वाधिक राजस्व अर्जित करने पर जोधपुर मंडल के चल टिकट निरीक्षक पूराराम को टिकट चेकिंग अर्निंग कप प्रदान किया जाएगा। महाप्रबंधक स्तर पर विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार पाने वालों में जोधपुर के मुख्य कल्याण व कार्मिक निरीक्षक सुनील टाक, समदड़ी स्टेशन अधीक्षक(यूनिफाइड कैडर) मनोज कुमार शर्मा व जोधपुर के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता(संकेत) जगदीश प्रसाद गौड़ भी शामिल है।

### रेलकर्मी जिन्हें महाप्रबंधक स्तर पर मिलेगा व्यक्तिगत पुरस्कार

अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय रेल सेवाओं के लिए जोधपुर मंडल के मेड़ता रोड ट्रेक मेंटेनर मन्नाराम,डेगाना तकनीशियन (वेल्डर) कानाराम,प्रकाशचंद्र गुर्जर,सुजानगढ़ वरिष्ठ अनुभाग अभियंता(रेल पथ) कुलदीप चौधरी,जोधपुर के मंडल अभियंता(सेंट्रल) विक्रम सिंह बडगुजर,जोधपुर मुख्य टिकट निरीक्षक जगदीश प्रसाद पाल,बाड़मेर विद्युत तकनीशियन(बिजली) मूलसिंह व जोधपुर लोको पायलेट (सवारी) पवन कुमार गोयल को महाप्रबंधक स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार भगत की कोठी डीजल शेड वरिष्ठ अनुभाग अभियंता(डीजल)पंकज शर्मा,डेमू शेड मेड़ता के तकनीशियन(बहुकौशल) धारासिंह नेतवाल, बाड़मेर तकनीशियन (फीटर) भैराराम,जोधपुर कैरिज कारखाना के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता(सवारी व माल)श्रवण कुमार सारण व डेमू शेड मेड़ता के सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता दिव्यांशु जैन को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से महाप्रबंधक सम्मानित करेंगे।

# चौकड़ी कला के झरना महादेव भाकर पर मेला भरा

**शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा**



♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** निकटवर्ती चौकड़ी के झरना महादेव मंदिर में बुधवार को महाशिवरात्रि को लेकर मेला भरा। वही बोरुंदा सहित क्षेत्र के कई गांवों में स्थित शिवालयों में दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। चौकड़ी भाकर स्थित झरना महादेव मंदिर में शिव के जयकारों के साथ दर्शन कर खुशहाली की कामना की। मेले में श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। झरना महादेव मंदिर में महा शिवरात्रि के पर्व के मौके पर 5 दर्जन से अधिक गाँवों के 20 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। वहीं मौके पर शांति व कानूनी व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद रही। इस दौरान बोरुंदा थानाधिकारी सुरेश कुमार बिश्नोई, एएसआई जगदीश चौधरी, पुजारी लाडुनाथ चौकड़ी, अशोक सुथार, दुगार्राम सुथार, रामदेव भंवरिया, सुरेन्द्रनाथ व अन्य लोग मौजूद रहे। चौकड़ी भाकर पर गोटन थाना अधिकारी सुरेश चौधरी ने भी दर्शन किए। बोरुंदा कस्बे के सदर बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर, भंवरियों के पोल के पास महादेव मंदिर, बोरुंदा बाजार में शिव मंदिर, न्यू कॉलोनी शिव मंदिर, बिजली घर महादेव मंदिर व पिपली चौराहा शिव मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं द्वारा दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक तथा पुजा अर्चना करने सहित दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का दिनभर तांता लगा रहा।

# पंचमुखी हनुमान जी मंदिर पर श्रीमद भागवत कथा यज्ञ का आयोजन

♦भारत टाइम्स♦



**यादराम वर्मा गंगापुर सिटी।** पंचमुखी हनुमान जी वार्ड नंबर 8 गंगापुर सिटी में श्रीमद् भागवत कथा के कार्यक्रम की शुरूआतहुई बैंड बैंड बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ श्री कल्याण जी महाराज के दरबार से प्रारंभ हुआ कलश यात्रा से पूर्व महिलाएं पुरुष एवं सभी श्रद्धालु श्री कल्याण जी महाराज मंदिर पहुंचे और सभी ने मिलकर विधि वध तरीके से पूजा अर्चना की इसके बाद बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा शुरू हुई 581 महिलाओं ने सर पर कलश लिए हुई चल रही थी सैकड़ो महिलाएं पुरुष युवा और बच्चे यात्रा में शामिल हुए महिलाएं मंगल गीत गा रही थी और भजनों पर नाचते गाते हुए चल रही थी रास्ते में कई स्थानों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया यात्रा श्री कल्याण जी महाराज मंदिर से आम बस्ती मिजार्पुर , होते हुए पंचमुखी हनुमान जी मंदिर पहुंची यहां कथा प्रवक्ता स्वामी श्री तेजेशवर जी महाराज ने विधिवत पूजा पूजन कर जल भरवाया इसके साथ ही शिव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू हो गया 26 फरवरी को शिव प्राण प्रतिष्ठा होगी कार्यक्रम के चलते प्रतिदिन भजन संध्या का कार्यक्रम भी रहेगा।

# गंदे पानी से राहगीरों और वाहन चालकों को अब मिलेगी निजात

♦भारत टाइम्स♦




**अलवर/ राजेश गुप्ता।** शहर के केडलगंज के समीप सड़क पर काफी समय से बहते गंदे पानी की शिकायत संज्ञान में आने के बाद सोमवार को नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने सहायक अभियंता दिनेश चंद्र के साथ उक्त स्थान का दौरा किया। उन्होंने तत्काल सड़क और नाली की मरम्मत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके बाद यहां पर सड़क और नाली का निर्माण कर दिया गया है। नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि कुछ दिन पहले इस क्षेत्र में गंदा पानी सड़क पर बहने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद मौका निरीक्षण किया गया और सड़क और नाली को दुरुस्त करवा दिया गया है।

## पाली जिले के सोजत रोड सवराड़ से रिसानिया जाने वाले मार्ग पर बुधवार सुबह अज्ञात लोग एक बच्ची व एक बच्चे को छोड़ कर चले गए

♦भारत टाइम्स♦



**मारवाड़ जंक्शन(अजयसिंह तोमर)।** बच्चो के पास एक काला बैग भी रखा था।बच्चो की उम्र 2 से 3 वर्ष बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया की सुबह 7.30 बजे एक नीले कलर का टेंपु इस मार्ग पर देखा था।जिसमे दो आदमी व एक महिला साथ थी।जो बच्चो व बेग को यहाँ छोड़ कर सोजत रोड या मांडा साइड चले गए। दोनों बच्चो को पेरालायसिस हो रखा है।सूचना पर सवराड सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र कुमार प्रजापत मौके पर पहुँचे व पुलिस को सूचना दी।सोजत रोड पुलिस थाने से हेडकास्टेबल रामचंद्र मोके पर पहुंचे व दोनों बच्चो को सोजत रोड हॉस्पिटल लाया गया। जहा उनके स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। पुलिस अज्ञात लोगो की तलाश भी कर रही है।

## ग्राम पंचायत बरनाला में टलका मिला ताला ग्रामीण परेशान कर्मचारियों पर मनमर्जी का आरोप




♦भारत टाइम्स♦

**यादराम वर्मा गंगापुर सिटी।** बामनवास उपखंड कि बरनाला तहसील के बरनाला ग्राम पंचायत पर कर्मचारियों कि मनमर्जी से ग्रामीण परेशान कभी भी नहीं खुलता निर्धारित समय तक ग्राम पंचायत कार्यालय मंगलवार 25 फरवरी को भी निर्धारित समय तक नहीं खुला कार्यालय जिससे ग्रामीणों को भटकना पडा राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि मैं ग्राम पंचायत कार्यालय में किसी काम को लेकर गया था ग्राम पंचायत कार्यालय पर ताला लटका मिला जिससे कई ग्रामीणों के काम करवाने के लिए उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है ग्राम पंचायत मे निर्धारित समय पर कभी भी नहीं आते कर्मचारी जिसके कारण ग्रामीणों को काशी परेशानी का सामना करना पड़ता है जिसकी कई बार ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कर चुका हूं कर्मचारियों की मनमर्जी के कारण ग्राम पंचायत कार्यालय समय पर नहीं खुलता ग्राम पंचायत पर लटके हुए ताला को देखकर मैंने जिला कलेक्टर व विकास अधिकारी को इसकी सूचना मेल के माध्यम से दी है और ग्राम पंचायत कार्यालयको निर्धारित समय तक खुले रहने की अपील की है।

## पटवारी भर्ती 2025 की अधिसूचना में अनुसूचित जनजाति ;अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ हुआ है अन्याय हरकेश मीणा



♦भारत टाइम्स♦

**अलवर/राजेश गुप्ता।** कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष हरकेश मीणा ने कहा कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा जारी पटवारी भर्ती 2025 की अधिसूचना में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ बड़ा अन्याय किया गया है। उन्होंने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को उनके आरक्षण के अनुपात में कम पद देने का आरोप लगाते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। मीणा ने कहा कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा जारी यह अधिसूचना राज्य सरकार की आरक्षण विरोधी संकीर्ण मानसिकता को दशार्ती है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि विसंगति पर पुनर्विचार कर अविलंब रूप से इस अधिसूचना पर संज्ञान लिया जाए और पटवारी सीधी भर्ती में विसंगति को दूर कर अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के हितों का संरक्षण किया जाए।

आवश्यकता
भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स और अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है।
यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।
Bharattimesnews01@gmail.com
Whatsapp
9509745147
9799911545

# प्रधानाचार्य की सत्रांक वॉक पीठ का समापन

♦भारत टाइम्स♦

**मारवाड़ जंक्शन (अजयसिंह तोमर)।** राजस्थान शिक्षा सेवा अधिकारी ब्लॉक मारवाड़ जंक्शन प्रधानाचार्य प्रधानाध्यापकों की सत्रांत वाकपीठ का समापन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेहवाज में आयोजित हुई। वाकपीठ संयोजक स्वरूप सिंह उदावत व सचिव जगदीश सुमन अध्यक्ष वोरा राम पनुसा ने आज दूसरे दिन समस्त भामाशाह का स्वागत के वाताओं के साथ आज की वार्ता देवाराम प्रजापत जिला शिक्षा अधिकारी खीवा राम चौधरी जिला शिक्षा अधिकारी एवं अन्य प्रधानाचार्य ने शैक्षिक वातावरण एवं नवाचार के बारे में अपनी वार्ता प्रस्तुत की! वाक पीठ के संरक्षक एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी घनश्याम सापेला ने सभी प्रधानाचार्य को अपने कार्य शैली में नवाचार के साथ शिक्षक करने का आह्वान किया एवं प्रधानाचार्य को विद्यालय की धुरी बताया कार्यक्रम में आज नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर मिश्रीलाल बंजारा प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम खारची को अध्यक्ष एवं श्री सोहनलाल जांगिड़ प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली आऊवा को कोषाध्यक्ष तथा श्री दिलीप सैनी प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम कंटालिया को निर्विरोध निर्वाचन किया गया नवनिर्वाचित अध्यक्ष बंजारा ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं समस्त प्रधानाचार्यों का आभार व्यक्त किया साथ ही उनके कार्यकाल में शिक्षकों की सेवा में समर्पित होने का आश्वासन दिया।इस कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह मीणा प्रधानाचार्य बारसा देवाराम चौधरी प्रधानाचार्य गुड़ा केशर सिंह वीरेंद्र कुमार टेलर प्रधानाचार्य बोरी मादा निर्मल कुमार शर्मा प्रधानाचार्य जानुंदा देवेंद्र सिंह उदावत प्रधानाचार्य रडावास संतोष सितारा प्रधानाचार्य गुड़ासूर सिंह गौतम चंद मीणा प्रधानाचार्य वोपारी विजय सेन प्रधानाचार्य कंटालिया जगदीश सुमन प्रधानाचार्य सीरियारी भुंडाराम सुमन बोराराम प्रधानाचार्य बोरनडी आदि अनेक शिक्षाविद उपस्थित थेइस कार्यक्रम में देवाराम चौधरी प्रधानाचार्य गुड़ा केशर सिंह, वीरेंद्र कुमार टेलर प्रधानाचार्य बोरी मादा, निर्मल कुमार शर्मा प्रधानाचार्य जानुंदा ,देवेंद्र सिंह उदावत प्रधानाचार्य रडावास, संतोष सितारा प्रधानाचार्य गुड़ासूर सिंह ,गौतम चंद मीणा प्रधानाचार्य वोपारी, विजय सेन प्रधानाचार्य कंटालिया, जगदीश सुमन प्रधानाचार्य सीरियारी, भुंडाराम सुमन बोराराम प्रधानाचार्य बोरनडी आदि अनेक शिक्षाविद उपस्थित थे।

### मिश्रीलाल बंजारा बने अध्यक्ष



# कुशालगढ़ क्लब द्वारा उपजिला कारागृह में शिवरात्री उत्सव पर कैदियों को करवाया कुंभ स्नान

♦भारत टाइम्स♦

**यादराम वर्मा गंगापुर सिटी।** गंगापुर सिटी उप जिला कारागृह में कुशालगढ़ क्लब की टीम द्वारा शिव रात्रि के उपलक्ष्य में बंदियों को कुंभ स्नान का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेलर सुखबीर सिंह रहे। अध्यक्षता क्लब चेयरमैन राजा लक्ष्मी कांत शर्मा ने की। कार्यक्रम में जेलर सुखबीर सिंह ने कुंभ स्नान के महत्व को बताया। ओर कहा कि ये क्लब का ऐतिहासिक कार्यक्रम है। जिन्होंने कैदियों को कुंभ स्नान का आयोजन रखा।साथ ही कुशालगढ़ क्लब का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कुशालगढ़ क्लब के चेयरमैन लक्ष्मी कांत शर्मा ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि कुंभ स्नान की पहल कैदियों को मानसिक शांति और आत्मचिंतन का अवसर प्रदान करेगी, जिससे वे



सकारात्मक बदलाव की ओर अग्रसर हो सकें। प्रदेश सरकार जेल सुधार के साथ-साथ कैदियों के आध्यात्मिक एवं नैतिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।इससे कैदियों में आत्मशुद्धि, सकारात्मक सोच और नैतिक जागरूकता का संचार होगा। उपजेल में गंगा जल स्नान और सामूहिक प्रार्थना का विशेष आयोजन किया गया, जिससे कैदियों को आध्यात्मिक और मानसिक शुद्धि का अनुभव मिला। क्लब के वरिष्ठ सदस्य व पंजाबी खत्री सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष गुलशन नागी ने भी कुंभ स्नान के महत्व को बताया साथ ही क्लब सदस्य विरेंद्र जंगम ने भी प्रयागराज कुंभ की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर जेलर सुखबीर सिंह गुर्जर,क्लब चेयर मैन लक्ष्मी कांत शर्मा, वरिष्ठ सदस्य गुलशन नागी,विरेंद्र जंगम, पुरूषोतम प्रजापत, राहुल शर्मा,श्रीमती रेखा बाई मीणा, कृष्ण चोपड़ा, राजाराम मीणा, शेर सिंह, समय सिंह गुर्जर. वह अन्य जेल स्टाफ मौजूद रहा।

# रेल पुरस्कारों की सूची में अजमेर टॉप पर

♦भारत टाइम्स♦

**अजमेर।** 69वें विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह हेतु विभिन्न मंडलों/ यूनिटों की विजेता सूची की घोषणा कर दी गई है जिसके अंतर्गत सर्वाधिक पुरस्कार जीतकर अजमेर लिस्ट में प्रथम स्थान पर है अजमेर मंडल, कारखाना व विभिन्न यूनिटों ने कुल 30 पुरस्कारों की सूची में 15 स्थान पर अपना कब्जा जमाया है इस प्रकार अजमेर अन्य मंडलों व यूनिटों में सर्वाधिक शील्ड/पुरस्कार विजेता बना है। दिनांक 27 फरवरी 2025 को जयपुर में आयोजित समारोह में महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे श्री अमिताभ द्वारा इन शील्ड/पुरस्कार विजेता विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बीसीएस चौधरी के अनुसार अजमेर द्वारा जीती गई शील्ड/पुरस्कारों में वाणिज्य का टिकट चेकिंग अर्निंग कप (श्री हेमंत कुमार डिप्टी सीटीआई) अजमेर मंडल, कंस्ट्रक्शन इंफ्रास्ट्रक्चर शील्ड अजमेर-कक कंस्ट्रक्शन यूनिट, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग



शील्ड अजमेर मंडल, सिविल इंजीनियरिंग शील्ड अजमेर मंडल, एनवायरमेंट मैनेजमेंट शील्ड अजमेर मंडल, मैकेनिकल (कैरिज एंड वैगन) शील्ड -अजमेर व जोधपुर मंडल को संयुक्त रूप से, श्रेष्ठ वर्कशॉप शील्ड अजमेर लोको एंड वैगन वर्कशॉप और जोधपुर वर्कशॉप को संयुक्त रूप से, श्रेष्ठ रखरखाव अस्पताल शील्ड अजमेर मंडल व बीकानेर मंडल को संयुक्त रूप से, कंप्रिहेंसिव हेल्थ केयर शील्ड अजमेर मंडल, ट्रैफिक ट्रांसपोर्टेशन शील्ड अजमेर व बीकानेर मंडल संयुक्त रूप से, राजभाषा शिल्ड अजमेर वर्कशॉप और जयपुर मंडल संयुक्त रूप से, सिक्योरिटी शील्ड अजमेर व जोधपुर मंडल संयुक्त रूप से, स्टोर्स शील्ड जनरल स्टोर डिपो अजमेर, स्टोर डिपो शील्ड जनरल स्टोर डिपो अजमेर और स्टोर डिपो बीकानेर को संयुक्त रूप से तथा सिग्नल और टेलीकम्युनिकेशन शील्ड शामिल हैं। मंडल रेल प्रबंधक श्री राजू भूतड़ा ने टीम अजमेर को इस उपलब्धि हेतु हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## सिगनल एवं दूरसंचार से संबधित तकनीकी कार्य के कारण अजमेर-पुष्कर-अजमेर रेलसेवाए रहेगी रद्द

♦भारत टाइम्स♦

**अजमेर।** रेलवे द्वारा मदार जं. -बूढा पुष्कर स्टेशन यार्ड के मध्य सिगनल एवं दूरसंचार से संबधित तकनीकी कार्य किया जा रहा है जिसके कारण अजमेर- पुष्कर-अजमेर रेलसेवाए रद्द रहेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार- रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से) 1. गाडी संख्या 59603, अजमेर- पुष्कर रेलसेवा दिनांक 27.02.25 व 01.03.25 को रद्द रहेगी। 2. गाडी संख्या 59604, पुष्कर - अजमेर रेलसेवा दिनांक 27.02.25 व 01.03.25 को रद्द रहेगी।

## सुगम रेल यातायात हेतु महरौली-डासना रेलखंड पर ऑटोमैटिक सिगनल प्रणाली कार्य

### रेलसेवाएं रीशड्यूल/रेगूलेट रहेगी

♦भारत टाइम्स♦

**अजमेर।** उत्तर रेलवे के महरौली-डासना रेलखंड पर सुगम रेल यातायात हेतु ऑटोमैटिक सिगनल प्रणाली कार्य किया जा रहा है। इस कार्य हेतु ब्लॉक लिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेलसेवाएं रीशड्यूल/रेगूलेट रहेगीः- रीशड्यूल रेलसेवायें (प्रारम्भिक स्टेशन से) 1. गाडी संख्या 14311, बरेली-भुज रेलसेवा दिनांक 01.03.25 को बरेली स्टेशन से अपने निर्धारित समय से 03 घंटे 30 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी। रेगुलेट रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से) 1. गाडी संख्या 15715, किशनगंज-अजमेर रेलसेवा जो दिनांक 28.02.25 को किशनगंज स्टेशन से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा मार्ग में 30 मिनट रेगूलेट रहेगी। नोटः- पूर्व में जारी प्रेस विज्ञपित में गाडी संख्या 14311, बरेली-भुज रेलसेवा दिनांक 27.02.25 को रीशड्यूल की गई थी, परन्तु अब यह बरेली से अपने निर्धारित समयानुसार संचालित होगी।

## सोजत थाना परिसर में डीएसपी जेठूसिंह करनोत की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की मीटिंग हुई आयोजित



♦भारत टाइम्स♦

**सोजत सिटी ।** सोजत थाना परिसर में आगामी त्यौहार को लेकर सीएलजी सदस्यों की मीटिंग आयोजित हुई। मीटिंग में नव नियुक्त सोजत पुलिस उप अधीक्षक जेठूसिंह करनोत व तहसीलदार डॉ. दिलीप सिंह व थानाधिकारी देवीदान बारहठ ने सीएलजी सदस्यों के साथ आगामी त्यौहार पर शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं चर्चा की डीएसपी जेठूसिंह करनोत ने सीएलजी सदस्य के साथ आगामी त्यौहार के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए अपील की। एवं शहर की मुख्य जन समस्याओं को लेकर सीएलजी सदस्यों से सुझाव मांगे। नव नियुक्त सोजत पुलिस उप अधीक्षक जेठूसिंह करनोत ने बताया कि आमजन में विश्वास अपराधियों में भय के स्लोगन पर काम किया जाएगा। वही आमजन को न्याय दिलाने का सीएलजी सदस्यों को भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि अपराधियों को बक्शा नहीं जायेगा। चाहे वो कितना भी बड़ा अपराधी हो आम जन और गरीब लोगों को न्याय दिलाने का मुख्य उद्देश्य रहेगा। इस दौरान सीएलजी सदस्यों ने शहर में अवांछनीय गतिविधियों एवं शहर में बेसहारा पशुओं का आतंक सहित फटाखे छोड़ती ओवर स्पीड बुलट बाईको को लेकर भी शिकायत की। डीएसपी जेठूसिंह करनोत ने कार्रवाई का आश्वासन दिया एवं आमजन से सहयोग की अपील की। इस मौके पर सोजत पुलिस उप अधीक्षक जेठूसिंह करनोत, सोजत तहसीलदार डॉ. दिलीप सिंह, थानाधिकारी देवीदान बारहठ, नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि जुगल किशोर निकुंम, मोहनलाल बौराणा, समाजसेवी डॉ. महेश सोनी, महेन्द्र टांक, पदम टांक, पपसा सिलावट, अब्दुल गनी ताजक, आरआई पुनमचंद, सदाम, किशोर कच्छवाह, दिनेश मीणा, सहदेव जाट, कानाराम, सहित सीएलजी सदस्य मौजूद थे।

# भवानी शिक्षण संस्थान का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन

♦भारत टाइम्स♦

**चोहटन/ डूंगर राठी।** चोहटन मुख्यालय पर स्थित भवानी शिक्षण छात्रावास का वार्षिकोत्सव एव कक्षा बारहवीं का आशीर्वाद समारोह सम्पन हुआ कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती को दीप प्रज्वलित के साथ हुई एव अतिथियो को साफा एव माला पहनाकर बहुमान किया गया मुख्य अतिथि के रूप दिलीप कुमार सिंह महाप्रबंधक साउथ वेस्ट माइनिग लिमिटेड अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर गणपसिंह राजपुरोहित विशिष्ट अतिथि के रूप में वालसिंह राठौड़ रघुवीर सिंह तामलोर संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट रूपसिंह राठौड़ दुर्गा कन्या हॉस्टल के अध्यक्ष शैतानसिंह सोढा मंच पर उपस्थित रहे कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन नरपतसिंह दुधवा ने दिया एव उदयसिंह सोढा ने संस्थान का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया नवचयनित प्रतिभाओं का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया हॉस्टल के प्रतिभावन छात्र जिन्होंने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया एव खेलो में राष्ट्रीय स्तर एव राज्य स्तर पर चयन होने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया संस्थान के व्यवस्थापक उदयसिंह देदूसर कमलसिंह मिये का तला गेनसिंह इंद्रोई ने बारहवीं के विद्यार्थियों को मुह मिठा करवाकर तिलक लगाकर माला पहनाकर श्रीफल भेंट कर विदाई दी गई वालसिंह राठौड़ ने अपने सम्बोधन में बताया कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेलो में भी ध्यान देना चाहिए ताकि खेलो में भी देश का नाम रोशन कर सके



और रघुवीर सिंह तामलोर ने अपने उदघोष में युवा छात्रों को सपने बड़े रखने का सन्देस दिया एव लगातार पढ़ाई जारी रखने की बात कही है राष्ट्र की भावना को सदैव सिरमौर रखने की बात की संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट रूपसिंह जी राठौड़ द्वारा दसवीं ओर बारहवीं की कक्षा में प्रथम श्रेणी उतीर्ण करने वाले छात्रों को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक हजार रुपये की नकद राशि भेंट की गई एव एडवोकेट रूपसिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जो आज इस संस्थान से विदा होकर कॉलेज में प्रवेश कर रहे है उन्हें अपनी मंजिल की राह चुनकर समाज का नाम रोशन करना है और सदैव पढ़ाई जारी रखने की बात कही एव बालिका छात्रावास के निर्माण कार्य की प्रगति को बताया एव भामासाह समाज बन्धुओ को धन्यवाद ज्ञापित किया समाज के कार्य मे मातृ शक्ति को बढ़ावा देने का संदेश दिया बालिका छात्रावास की निर्माण कमेटी के कार्य की सराहना की



कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर गणपसिंह राजपुरोहित ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हॉस्टल का जीवन एक वरदान होता है मेने भी आठ वर्ष हॉस्टल में बिताये छत्रावास का अनुभव जीवन भर रहता है और बोर्ड एग्जाम की सुभकामना देते हुए बताया कि कॉलेज के जीवन मे अधिकतर युवा राह भटक जाते है ओर आपको कॉलेज के समय मे दो मित्र रखना एक खेल का मैदान ओर दूसरा पढ़ाई का टेबल ताकि आपके व्यक्तित्व का निर्माण होगा और सदैव अपने समाज एव राष्ट्र का नाम रोशन हो ऐसे ही कार्य करे और सदैव अपने संस्थान में आते जाते रहे कितनी भी मंजिल हासिल करो लेकिन कभी संस्कार न भूले ओर सदैव मेहनत करते रहे और सफल जीवन बनाये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीपकुमार सिंह ने कार्ग्रकम में उद्बोधन देते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन मनुष्य की रीढ़ की की हडी होती है बारहवीं के विद्यार्थी खुले आसमान में उड़ने के लिए जा रहे है जो अलग अलग विभाग में अपनी तैयारी करने जायेगे ओर यदि हॉस्टल जीवन के हिसाब से अनुशाशन में रहकर आगे बढोगे तो आपकी नींव हमेशा मजबूत रहेंगे अब परिजनों एव आप दोनो की असली लड़ाई शुरू होगी क्योकि आगे बहुत कम्पीटीशन मौजूद है आप अपनी लग्न एव मेहनत से अपनी राह पर चलते रहे अपने सेना के जीवन को याद करते हुए अपने अनुभव बताए ओर असफलता से कभी न घबराने की बात कही और जीवन मे कभी हार न मानने की बात कही कार्यक्रम में जलपान की व्यवस्था गोरधन सिंह सोढा ज्योति हॉस्पिटल संचालक ने एव स्मृति चिन्ह परबत सिंह बिढाणी द्वारा भेंट किये गए कार्ग्रकम का आभार प्रकट कृष्ण सिंह गोहड़ का तला ने किया व संचालन स्वरूपसिंह सईद का तला ने किया कार्यक्रम के दौरान हिन्दुसिंह राठौड़ भेरसिंह ढोक नारायणसिंह नवातला गेनसिंह खारिया चतरसिंह राठोड़ स्वरूपसिंह चोहटन तनसिंह सनाऊ गुलाबसिंह सोढा महेंद्रसिंह चोहटन माधोसिंह देदूसर उगमसिंह सनाऊ मोहनसिंह देदूसर नबेसिंह मते का तला भरत सेठिया झामन सिंह देदूसर स्वरूप सोलंकी खेतसिंह घोनिया विनोद खत्री रणजीतसिंह चोहटन दलतपसिंह सनाऊ दुर्जनसिंह खारिया जोगराजसिंह ढोक निम्बसिंह आकोड़ा सुजानसिंह देदूसर जबरसिंह आकोड़ा उगमसिंह ढोक जेठमालसिंह सनाऊ जेतमालसिंह रेडाणा सवाईसिंह आकोड़ा सवाईसिंह सनाऊ स्वरूपसिंह ढोक सहित सेकड़ो लोग उपस्थित रहे

# विधानसभा अध्यक्ष के अपमान पर भाजपा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का फूंका पुतला

### माफी मांगने की चेतावनी दी

**आसन के लिए किया गया अमर्यादित भाषा का प्रयोग निश्चित रूप से यह दशार्ता है कि वे परिपक्व नेता नहीं हैं।**



♦भारत टाइम्स♦

**(हरिप्रसाद शर्मा) अजमेर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पर की गई टिप्पणी को लेकर अजमेर शहर भाजपा कार्यकताओं ने प्रदर्शन कर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का पुतला जलाया। प्रदर्शनकारियों ने डोटासरा से सार्वजनिक रूप से विधानसभा अध्यक्ष से माफी मांगने की चेतावनी दी है। माफी नहीं मांगने पर प्रदेश भर में आंदोलन की किया जाएगा। भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी ने बताया कि बीते तीन दिनों से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित 6 विधायकों द्वारा सदन को बाधित किया जा रहा है। विधायकों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष के फैसले का अपमान किया गया है। आसन के लिए किया गया अमर्यादित भाषा का प्रयोग निश्चित रूप से यह दशार्ता है कि वे परिपक्व नेता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से डोटासरा को इसका जवाब मिलेगा। कांग्रेस के पास कोई एजेंडा नहीं है। उन्हें सिर्फ विधानसभा में हंगामा ही करना है। आसन के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर आज पुतला जलाया है लेकिन यदि डोटासरा ने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो उनके खिलाफ प्रदेश भर में आंदोलन किया जाएगा। डिप्टी मेयर नीरज जैन ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते जो सम्मान विधानसभा अध्यक्ष को देना चाहिए, वह उन्होंने नहीं दिया। विधानसभा अध्यक्ष के लिए जिन शब्दों का प्रयोग उन्होंने किया वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शब्दों का वे प्रयोग कर रहे हैं, निश्चित रूप से कांग्रेस के पतन का कारण बनेगा।

# श्रद्धा से सत्य की प्राप्ति होती हैं - स्वामी रामचंद्राचाय




### मंत्र मे में वह शक्ति है , वह प्रारब्ध को भी बदल जाते

♦भारत टाइम्स♦

***(हरिप्रसाद शर्मा)नैमिषारण्य तीर्थ / सीतापुर।*** *भगवान श्रीजगन्नाथ के द्वितीय पाटोत्सव एवं श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ के साथ संगीतमय नौ दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन सुप्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में शुरू की गई । व्यासपीठ से रामानुजाचार्य पुष्कर पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामचन्द्राचार्य ने श्रीराम कथा के पंचम दिवस बुधवार को श्रौताओं को कहा कि श्रद्धा से सत्य की प्राप्ति होती है । उन्होंने कहा कि नारद के वचन असत्य नहीं हो सकते है । जगद्गुरु ने कहा कि राम है जहां काम है । जहां राम नहीं वहाँ काम नहीं है । स्वामी जी ने श्रोताओं को शिव पार्वती के विवाह के बारे में कथा में विस्तार से वर्णन किया ।उन्होंने कहा कि मंत्र मे में वह शक्ति है , वह प्रारब्ध को भी बदल सकती है । उन्होंने कहा कि जिसके लिए जप , तप करना पड़ता है । भगवान एक है । भगवान को प्राप्त करने में कठिनाई नहीं होती है । रामजी ने शंकर जी के विवाह हेतु कथा सुनाई । जो कथा पार्वती जी के बारे में रामजी ने सब वृतांत सुनाया है । जिसमें शंकर भगवान सेवक बने हैं । जगद्गुरु ने श्रीराम कथा के दौरान कहा कि भगवान की कथा से पहले भक्त की कथा है । उन्होंने कहा कि भगवान को भक्त की भक्ति बहुत अच्छी लगती है । जिससे भक्त ओर भगवान के बीज संबंध हो जाते है । महाशिवरात्रि पर जगन्नाथ मंदिर में कथा की भीड़ बढ़ गई । जगद्गुरु स्वामी जी के सान्निध्य में लक्ष्मी नारायण यज्ञ का का शुभारंभ हुआ । जिसमें आचार्यत्व नन्दकिशोर शास्त्री के द्वारा विद्वान पंडितों यज्ञ किया जा रहा है । जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी भागीदारी निभाई । वहीं कथा श्रवण करने में सम्मिलित हुए स्वामी अनिरूध्दाचार्य, स्वामी चतुर्भुज दास महाराज,पंडित नन्दकिशोर शास्त्री, फर्रूखाबाद सांसद मुकेश राजपूत ने सपत्नीक परिवार के साथ विमल प्रकाशजी मिश्रा व्यवस्थापक, श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट नैमिषारण्य, उपेंद्र सिंह राजावत , श्रीमती मधु कंवर ,अवध बिहारी मिश्रा फरुर्खाबाद से श्रीमती कुंती मिश्रा मुनेंद्र सिंह बदायूं जनपद, रायपुर मारवाड़ से श्रीमती कौशल्या देवी, तीर्थराज पुष्कर से श्रीमती हरिइच्छा पाराशर हरिप्रसाद शर्मा आदि के अलावा हजारों महिला- पुरूषों ने श्रीराम कथा का श्रवण कर लाभ उठाया है ।*

# पीलीबंगा में नायक समाज धर्मशाला के निर्माण हेतु मंत्री राजेंद्र नायक को सौंपा ज्ञापन

♦भारत टाइम्स♦

**हनुमानगढ़। मदनलाल पण्डितांवाली।** पीलीबंगा शहर में कई वर्षों से निमार्णाधीन नायक समाज धर्मशाला के निर्माण के लिए नायक समाज सभा समिति पीलीबंगा के प्रतिनिधियों ने हनुमानगढ़ के दौरे पर रहे राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राज्य मंत्री राजेन्द्र नायक को लिखित ज्ञापन देकर समाज की धर्मशाला निर्माण व चारदीवारी सहित अन्य मूलभूत निर्माण कार्य करवाए जाने के लिए राजस्थान सरकार से बजट पारित करवाने की मांग की। मंत्री राजेन्द्र नायक ने निमार्णाधीन धर्मशाला का निरीक्षण किया एवं




समाज की वाजिब मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए कहा कि जल्द ही इस संबंध में बजट दिलाने की बात कही व राज्य मंत्री नायक ने कहा कि नायक समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस वीर कौम ने अपने पूर्वजों के पराक्रम को आगे बढ़ाते हुए समाज में अपना अलग स्थान बनाया है।उन्होंने कहा कि तरक्की करने वाले व्यक्ति को समाज का नायक कहा जाता है लेकिन आप तो सभी नायक हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों द्वारा दिए गए नायक नाम को सार्थक करने का संकल्प मन में रखो और पूरे समाज की बेहतरी के लिए मिलकर काम करें। जो कौम अपने पूर्वजों और गौरवशाली इतिहास को याद रखती है, वह निरंतर आगे बढ़ती है।उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे सकारात्मक मानसिकता रखें। आपको कोई चीज रोक नहीं सकती, यह मान लेने से हम वहां पहुंच सकते हैं जहां पहुंचना चाहते हैं। वही इस मौके पर आरकेसीएल की योजना के अंतर्गत पीलीबंगा के सनराइज एजुकेशनल सेंटर में चयनित महिलाओं / बालिकाओं के लिए निशुल्क कंप्यूटर कोर्स का मंत्री राजेन्द्र नायक व अतिथियों ने फीता काटकर निशुल्क महिला बैच का शुभारंभ किया गया। इस कोर्स के लिए 27 बालिकाओं का चयन सनराइज कंप्यूटर सेंटर पर हुआ जिन्हें निशुल्क कोर्स करवाया जाएगा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री राजेंद्र नायक ने कहां की देश के विकास में महिला शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा पाकर शिक्षित महिलाएं युवा पीढ़ी के लिए आदर्श और समाज को आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विकास में अहम भूमिका निभाती है। संस्था डायरेक्टर रामेश्वर भाटी ने राजस्थान सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की इस RKCL योजना के अंतर्गत महिलाओं के लिए निःशुल्क कम्प्युटर कोर्स RS-CIT,RS-CFA,Tally की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष हरजिंद्र सिंह,तरुण विजय महेश गुप्ता,लालचंद भाटी, रामेश्वर चालिया,मदन लखोटिया, कैलाश नायक,भूपेंद्र नायक,मदन सारसर, महेंद्र सिंह कल्याणा, नेतराम, विकास विशाल पुनीत, कमला भाटी, अनीता, लीजा, आरती,ओंकार बोगिया,उपसरपंच विजय कुमार,सुरेश भार्गव उपस्थित रहे।

# एक- एक मतदाता का ऋण उतारा मोदी जी ने



संगठन की अपनी प्राथमिकताएँ और उद्देश्य होते हैं। संगठन की अपनी विचारधारा होती है। जिसके बल पर संगठन का निर्माण होता है। इसी प्रकार सरकार की अपनी प्राथमिकताएँ, उद्देश्य व लक्ष्य होते हैं और प्रधानमंत्री जी को सामंजस्य बनाकर धैर्य पूर्वक लक्ष्य की तरफ अग्रसर होना पड़ता है।


वर्ष 2013-14 के 16,65,297 करोड़ रुपए के बजट से वर्ष 2024-25 में 50,65,345 करोड़ रुपए के बजट तक की यात्रा कोई आंकड़ों का खेल नहीं, इसके पीछे के मर्म को समझाना पड़ेगा तभी मोदी जी के बजट के साथ न्याय होगा । 2014 के चुनाव में मोदी जी ने सार्वजनिक सभाओं में मतदाताओं से वायदा किया था, एक-एक मतदाता को अपने कार्यकाल का हिसाब दूंगा। एक-एक वोट का ऋण उतारूंगा । मोदी जी की गारंटी, गारंटी पूरा होने की गारंटी है। मोदी जी के काम करने का रास्ता अंत्योदय से विकसित भारत की तरफ जाता है। मोदी जी के दिल में वर्षों से उपेक्षित, शोषित, पीड़ित वर्ग और घरों में कैद देश की आधी आबादी के लिए दर्द उन्हें मजबूर करता है कि विकसित भारत का रास्ता अंत्योदय से निकाला जाए, इस बात को स्वयं मोदी जी सार्वजनिक मंचों से कह चुके हैं कि - जिन्हें कोई नहीं पूछता मोदी उन्हें पूछता है-और पूजता भी है। प्रधानमंत्री ही संगठन व सरकार के नेता होते हैं । संगठन की अपनी प्राथमिकताएं और उद्देश्य होते हैं । संगठन की अपनी विचारधारा होती है । जिसके बल पर संगठन का निर्माण होता है। इसी प्रकार सरकार की अपनी प्राथमिकताएं, उद्देश्य व लक्ष्य होते हैं और प्रधानमंत्री जी को सामंजस्य बनाकर धैर्य पूर्वक लक्ष्य की तरफ अग्रसर होना पड़ता है। प्रधानमंत्री जी के पूरे कार्यकाल का, गुजरात के मुख्यमंत्री पद से आज तक का अगर विश्लेषण किया जाए तो साफ- साफ समझ में आता है कि गरीबों, शोषित व महिलाओं के लिए जो दर्द है वही शासन की नीतियों का केंद्र बिंदु है, इसमें कोई जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद हावी नहीं हो पता है। तभी तो प्रधानमंत्री जी कहते भी हैं तुष्टीकरण नहीं पूर्ण संतुष्टीकरण । पहले विश्व में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था, 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, फिर विकसित भारत। यह सारी चुनौतियां प्रधानमंत्री जी ने स्वयं ही स्वयं के लिए खड़ी करी हैं । भारत के इतिहास में शायद मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं , जो स्वयं लक्ष्य निर्धारित कर अपने लिए चुनौतियां खड़ी करते हैं और फिर लक्ष्य को निश्चित समय अवधि में हासिल करने के लिए रात - दिन एक कर देते हैं । मोदी जी को मालूम है वह भारत के लगातार तीसरी बार



प्रधानमंत्री क्यों बनाए गए हैं ? देश की जनता को भरोसा है मोदी जी ही भारत को विकसित भारत बना सकते हैं । मोदी जी ही आज की युवा पीढ़ी को उन्नत, सुरक्षित, समृद्ध भारत प्रदान कर सकते हैं । राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, वैश्विक परिदृश्य कुछ भी हो, हर हाल में मोदी जी को जनता का भरोसा कायम रखना है। मोदी जी नारे, वादों या लंबे-लंबे भाषणों से सरकार नहीं चलाते, मोदी जी धरातल पर काम करके दिखाते हैं। तभी तो एक दशक की केंद्र सरकार में मुखिया बनने के बाद 17.92 करोड़ नौकरियां पैदा की। आज महिला श्रम बल (एलएफपीआर) की भागीदारी दर 23.3% से बढ़कर 37% पर आ गई है। 89.8 लाख लखपति दीदियों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, जिसमें मुख्यतः ग्रामीण महिलाएं हैं, उनको प्रतिवर्ष कम से कम एक लाख रुपये की घरेलू आय प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाया गया है। वर्ष 2013 के 452 स्टार्टअप्स को 2024 में 1.59 लाख मान्यता प्राप्त स्टार्टअप से 17.22 लाख नौकरियां पैदा करने में सफलता पाई है। बुनियादी ढांचे को विश्व स्तरीय बनाने में खर्च होने वाले प्रत्येक एक करोड़ की धनराशि पर 200 से 250 मानव वर्ष का रोजगार उत्पन्न किया गया है। यूपीए सरकार की नीति थी, उधार का घी पियो। जिसके परिणाम स्वरुप चालू खाता घाटा और 9.3% मुद्रास्फीति बढ़ गई थी, दूसरी तरफ मोदी सरकार में कोरोना महामारी, रूस यूक्रेन युद्ध के बावजूद देश की जीडीपी वृद्धि दर 6.4% अनुमानित है, जो विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था में शीर्ष पर है। 2013-14 में 2.2 बिलियन डिजिटल लेनदेन, 2024 में 208.5 बिलियन डिजिटल लेनदेन समावेशी आर्थिक विकास को दशार्ता है। (पीएमजेडीवाई) प्रधानमंत्री जन धन योजना के सहयोग से 500 मिलियन बैंक खाते खोलना समावेशी आर्थिक विकास का सबूत है। यह मोदी जी के (जे ए एम) जनधन, आधार, मोबाइल नेटवर्क ही है जिसके कारण कोविड-19 में, 24 मार्च 2020 से 17 अप्रैल 2020 में, 24 दिन की समय अवधि में 11.42 करोड़ लाभार्थियों को 27442.08 करोड़ रुपए का सीधे खाते मै सहायता राशि पहुंचना, बिना किसी लीकेज के संभव हो पाया, ना कोई बिचौलिया, ना कोई कट, ना कोई कमीशन, ना शहरी- ग्रामीण का अंतर, ना कोई जाति, धर्म, भाषा का भेदभाव, कोई तुष्टीकरण नहीं - पूर्ण संतुष्टीकरण। 2014-15 से 2022-23 के बीच में आठ वित्तीय वर्षों की समय अवधि में 24.82 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया । इस जादुई फिगर की गंभीरता कितनी है, इसका इसी बात से अंदाज लगाया जा सकता है कि यह संख्या कई देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। यह चमत्कार से कम नहीं और यह चमत्कार सिर्फ मोदी जी ही कर सकते हैं , फर्क साफ है यूपीए सरकार खराब ऋणों में एनपीए संकट का मकड़ जाल फैलाकर व्यवसाय व वित्तीय संस्थानों को पंगु बनाने में माहिर थी। हाई प्रोफाइल डिफॉल्टर यूपीए युग की देन थी। अत्यंत गरीब ऊपर आए, नियो मिडिल क्लास जिसका उल्लेख 10 जुलाई 2014 के बजट भाषण में तत्कालीन वित्त मंत्री स्वर्गीय श्री अरुण जेटली जी ने संसद में किया था, जिसका तात्पर्य था। वो गरीब लोग जिन्हें गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है पर मध्यम वर्ग में उन्हें स्थायित्व प्राप्त करना है, के स्थायित्व प्राप्त करने में सहायता व संरक्षण दिया गया, जिसके फलस्वरुप 5 से 10 लाख रुपए प्रतिवर्ष की आय सीमा के लोगों में 8.1% की वृद्धि दर्ज की गई, वा 10 से 20 लाख रुपए प्रति वर्ष आय सीमा के लोगों की 3.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय 2011- 12 में शहरी वा ग्रामीण में अंतर 84% था जो 2023- 24 में 70% हो गया है। स्पष्ट है मोदी सरकार में ग्रामीण- शहरी विभाजन घट रहा है। एक देश- एक कर, जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू सामानों की कीमत में आई कमी का घरेलू बचत पर असर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जिसके परिणाम स्वरुप घरेलू बचत में लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, वित्तीय वर्ष 2014 में 3.5 लाख रुपए से कम आय वाले 36.3% व्यक्तिगत आयकर दाता उच्च आय वर्ग में चले गए हैं। जिनमें से 15.3%, 3.5 से 5 लाख व 5 से 10 लाख रुपए वार्षिक आय वर्ग समूह में चले गए हैं और 4.2% आयकर दाता 10 से 20 लाख रुपए वार्षिक आय वर्ग समूह में चले गए हैं । यही है मोदी जी के अंत्योदय की ताकत। यही है पंडित दीनदयाल जी के अंत्योदय की ताकत। भाजपा व कांग्रेस की सोच में ही बुनियादी फर्क है। 1996 में जब स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी थी, तब ठढअ 16% था, 2004 में जब श्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने सत्ता छोड़ी तो एनपीए घटकर 7.8% पर आ गया अर्थात एनडीए सरकार में एनपीए में 8.2 % की कमी आई। फिर 2004 से 2013 तक रही यूपीए सरकार के राजनीतिक हस्तक्षेपों के कारण जी.एन.पी.ए. अनुपात में तीव्र वृद्धि 12.3% तक पहुंच गया फिर मोदी सरकार के कड़े वित्तीय अनुशासन के कारण वित्तीय वर्ष वर्ष 2024 में GNPA अनुपात और शुद्ध NPA अनुपात क्रमशः 2.8% और 0.6% के बहु-वर्ष के निचले स्तर पर दर्ज किया गया, स्पष्ट है लूट खसोट बंद कर गरीबों को ऊपर लाने का सघन प्रयास कर मतदाताओं का भरोसा और मजबूत किया गया। मोदी जी को मालूम है देश के गरीबों को हर स्तर पर प्रधानमंत्री का सहयोग व संरक्षण ही देश को आगे ले जा सकता है। इसलिए सामाजिक सुरक्षा व कल्याण योजनाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। (पीएमजेजेबीवाई) प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं एवं (पीएमएसबीवाई) प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के द्वारा गरीबों को ?200000 तक का जोखिम कवरेज किफायती प्रीमियम पर प्रदान किया जा रहा है।आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना प्रतिवर्ष प्रति परिवार को वार्षिक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करती है। (पीएम-एसवाईएम) पीएमश्रमयोगीमान-धन योजना के माध्यम से 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पात्र असंगठित श्रमिकों को ?3000 मानसिक पेंशन, वृद्धावस्था संरक्षण, 50% सरकारी योगदान के साथ सुनिश्चित करता है। बुनियादी ढांचे और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के लिए ग्रामीण विकास व्यय जो वित्तीय वर्ष 2013-14 में 80250.50 करोड़ रुपए का था, मोदी सरकार में 2024-25 वित्तीय वर्ष के लिए ग्रामीण विकास व्यय 180223.43 करोड़ रुपए का रखा है। स्पष्ट है ग्रामीण विकास व्यय में एक लाख करोड़ रुपए की वृद्धि से बुनियादी ढांचे और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों को प्रगति मिलेगी।

# मेरा नाम आजाद है: चंद्रशेखर

आजाद एक ऐसा शब?द है जो महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के साथ जुड़ा है। इन्होंने अपनी पूरी जिंदगी को आजाद रखने का वचन लिया था और उसे आखिरी सांस तक निभाया भी। ऐसे मैं हूं आजाद! आजाद थे! आजाद ही रहे! आजादी के महानायक, मां भारती के सच्चे उपासक जगदानी देवी- पंडित सीताराम तिवारी के सपूत चंद्रशेखर आजाद का अवतरण 23 जुलाई, 1906 को मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के भाबरा नामक स्थान पर हुआ था। चंद्रशेखर का बचपन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में स्थित भाबरा गांव में बीता था। यहां पर चंद्रशेखर ने भील बालकों के साथ खूब धनुष बाण चलाए थे। जिसके कारण उन्होंने निशानेबाजी बचपन में ही सीख ली थी। स्तुत्य, जलियांवाला बाग कांड के समय चन्द्रशेखर बनारस में पढ़ाई कर रहे थे। जब गांधीजी ने सन् 1921 में असहयोग आन्दोलन शुरू किया तो वे अपनी पढ़ाई छोड़कर सड़क पर उतर आए। इन्होंने अपना पूरा जीवन देश की आजादी की लड़ाई के लिए कुर्बान कर दिया। चंद्रशेखर बेहद कम्र उम्र में देश की आजादी की लड़ाई का हिस्सा बने थे। जब सन् 1922 में चौरी चौरा की घटना के बाद गांधीजी ने अपना आंदोलन वापस ले लिया तो चंद्रशेखर का कांग्रेस से मोहभंग हो गया। इसके बाद वे पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल और शचीन्द्रनाथ सान्याल, योगेश चन्द्र चटर्जी द्वारा 1924 में गठित हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़ गए। इस एसोसिएशन के साथ जुड़ने के बाद चंद्रशेखर ने रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में काकोरी कांड 1925 में पहली बार सक्रिय रूप से भाग लिया। कालजयी, आजाद, भगत सिंह और राजगुरु ने मिलकर 17 दिसंबर, 1928 की शाम को लाहौर में पुलिस अधीक्षक जेपी सांडर्स को मार दिया। जब सांडर्स के अंगरक्षक ने उनका पीछा किया, तो चंद्रशेखर ने अपनी गोली से उसे भी समाप्त कर दिया। इस हत्याकांड के बाद लाहौर में जगह-जगह परचे चिपका दिए गए, जिन पर लिखा था- लाला लाजपतराय की मृत्यु का बदला ले लिया गया है। चंद्रशेखर ने भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु की फांसी रुकवाने के लिए दुर्गा भाभी को गांधीजी के पास भेजा था, लेकिन वहां से उन्हें कोरा जवाब मिल गया था। चंद्रशेखर ने इन तीनों की सजा कम कराने




का काफी प्रयास किया था। वे पण्डित नेहरू से भी आग्रह किए थे कि तीनों की फांसी को उम्रकैद में बदलवा दिया जाए, लेकिन सफलता नहीं मिली। मंत्रमुग्ध, चंद्रशेखर को ह्यआजादह्ण नाम एक खास वजह से मिला। चंद्रशेखर जब 15 साल के थे तब उन्हें किसी केस में एक जज के सामने पेश किया गया। वहां पर जब जज ने उनका नाम पूछा तो उन्होंने ने कहा, मेरा नाम आजाद है, मेरे पिता का नाम स्वतंत्रता और मेरा घर जेल हैह्ण। जज ये सुनने के बाद भड़क गए और चंद्रशेखर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई, यही से उनका नाम आजाद पड़ गया। चंद्रशेखर पूरी जिंदगी अपने आप को आजाद रखना चाहते थे। अभिभूत चंद्रशेखर आजाद का कहना था, देश की स्वतंत्रता के लिए विपत्तियों से युद्ध करना ही मेरा राष्ट्रधर्म है। अविनाशी, अंग्रेजों से लड़ाई करने के लिए चंद्रशेखर आजाद इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में सुखदेव और अपने एक अन्य साथियों के साथ बैठकर आगामी योजना बना रहे थे। इस बात की जानकारी अंग्रेजों को पहले से ही मिल गई थी। जिसके कारण अचानक अंग्रेज पुलिस ने उन पर हमला कर दिया। चंद्रशेखर आजाद ने अपने साथियों को वहां से भगा दिया और अकेले अंग्रेजों से लोहा लगने लगे। इस लड़ाई में पुलिस की गोलियों से आजाद बुरी तरह घायल हो गए थे। वे सैकड़ों पुलिस वालों के सामने 20 मिनट तक लड़ते रहे थे। उन्होंने संकल्प लिया था कि वे न कभी पकड़े जाएंगे और न ब्रिटिश सरकार उन्हें फांसी दे सकेगी। इसीलिए अपने संकल्प को पूरा करने के लिए अपनी पिस्तौल की आखिरी गोली खुद को मार ली और मातृभूमि के लिए महज 24 बरस की अल्पायु में 27 फरवरी 1931 को प्राणों की आहुति दे दी। इतिहास के अमर पन्नों में दर्ज यह वीरगाथा सदा-सर्वदा प्रेरणापुंज रहेगी। वंदेमातरम!

# संपादकीय

## बैंक ऑफ अमेरिका की ग्लोबल रिपोर्ट में भारत का शेयर बाजार निचले क्रम में

हाल ही में बैंक ऑफ अमेरिका ग्लोबल रिसर्च के एक सर्वेक्षण में भारतीय शेयर बाजार को एशिया के प्रमुख बाजारों में निचले स्थान में रखा गया है। यह रिपोर्ट 205 फंड मैनेजर्स के सर्वे पर आधारित है। यह 205 फंड मैनेजर 482 बिलियन डॉलर की संपत्ति का प्रबंधन करते हैं। दुनिया भर के शेयर बाजारों में उनके द्वारा निवेश किया जाता है। इस सर्वे के अनुसार, 205 फंड मैनेजरॉ ने जापान, ताइवान और चीन को निवेशकों की पहली पसंद माना है। जबकि भारत को थाईलैंड के ठीक ऊपर, सूची के निचले क्रम से द्वितीय स्थान पर रखा गया है। सेकंड लोएस्ट रैंकिंग से भारत के शेयर बाजार की स्थिति को दशार्या गया है। यह स्थिति निवेशकों और भारत के नीति निमार्ताओं के लिए एक चिंताजनक संकेत है। भारत के शेयर बाजार की गिरावट मुख्य रूप से शेयर बाजार में पिछले 5 महीनों में आई अस्थिरता और वैश्विक पूंजी प्रवाह में बदलाव के कारण हुई है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफसेकंड) द्वारा भारतीय बाजार में लगातार बिकवाली ने बाजार की धारणा को कमजोर किया है। देसी और विदेशी निवेशकों का रुझान भारतीय शेयर बाजार से पूरी तरह से खत्म होता जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर, ताइवान का शेयर बाजार मजबूत सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री और चीन अपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल क्षेत्र में तेज प्रगति के कारण दुनियाभर के निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। जापान की स्थिर नीतियां का आकर्षण जापान के शेयर बाजार की स्थिरता निवेशकों की पहली पसंद जापान के शेयर बाजार को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। यह रिपोर्ट पूरी तरह से भारत की दीर्घकालिक संभावनाओं को लेकर जो कहा जा रहा है। उसमें वर्तमान के ऊपर ज्यादा ध्यान दिया गया है भविष्य में क्या होगा इसको लेकर रिपोर्ट में अनिश्चितता बनी हुई है। भारतीय अर्थव्यवस्था अभी 7प्रतिशत की विकास दर बनाए रखने की ओर अग्रसर है। निवेशकों को इस पर ज्यादा भरोसा नहीं है। भारतीय शेयर बाजार के लिए यह सबसे बड़ा संकट है। यदि आगामी तिमाही में कंपनियों के वित्तीय परिणाम मजबूत आते हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति यदि सरकारी और कंपनियों के दावे के अनुसार बनी रहती है। ऐसी स्थिति में भारत दोबारा निवेशकों की प्राथमिकता बन सकता है। भारत का युवा कार्यबल, बढ़ता उपभोक्ता बाजार और मजबूत स्टार्टअप के इको सिस्टम की लंबी अवधि देखने को मिलेगी तभी भारतीय शेयर बाजार पर विदेशी निवेशकों का भरोसा बनेगा। अभी यह भरोसा पूरी तरह से गड़बडाया हुआ है, जिसके कारण भारतीय शेयर बाजार विदेशी निवेशकों के लिए अंतिम पायदान में पहुंच गया है। सरकार और नियामक संस्थाओं को इस रिपोर्ट को एक चेतावनी के रूप में देखना होगा। भारत में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सुधारों की आवश्यकता है। खासकर विनिर्माण और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। भारतीय शेयर बाजार और भारतीय अर्थव्यवस्था पर विदेशी निवेशकों का भरोसा हो इसके लिए आंकड़ों में पारदर्शिता लानी होगी। सेबी की कार्यप्रणाली में भी सुधार करना होगा।

## आस्था...

### सिर्फ भूखा रहने का महीना नहीं, बल्कि गुनाहों की माफी मांगने का माह है रमजान...

रमजान का महीना मुसलमानों के लिए सबसे खास महीना है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक रमजान नौवां महीना होता है। यह महीना शाबान के बाद आता है और इसके बाद शव्वाल महीना शुरू होता है, जिसमें ईद-उल-फितर मनाई जाती है। रमजान मुसलमानों के लिए सबसे खास महीना है। हदीस शरीफ के मुताबिक इस महीने में ही पैगंबर मुहम्मद स.अ.व.पर पहली बार अल्लाह की तरफ से कुरान नाजिल (अवतरण) हुआ था। ये पूरा महीना इबादत का महीना है जिसमें हर मुसलमान के लिए 30 दिनों का रोजा रखना फर्ज है। रमजान का महीना सिर्फ भूख और प्यास पर काबू करने का महीना नहीं है बल्कि अपने पर काबू करने का, अपनी रूह को पाक करने का, अल्लाह के करीब जाने का सुनहरा मौका है। इस महीने में की गई इबादत और नेकी का अल्लाह अपने बंदों को दोगुना अज्र (फायदा) देता है। इस महीने में की गई इबादत रूहानी सुकून देती है। भारत की दूसरी सबसे बड़ी मस्जिद, शाही मस्जिद फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम, मुफ़्ती मुकर्रम अहमद जो एक मुस्लिम धार्मिक और साहित्यिक विद्वान हैं उन्होंने बताया रमजान के महीने की शुरूआत चांद देखकर की जाती है। चांद देखने के बाद उसी रात मस्जिदों में तरावीह शुरू हो जाती है और अगले दिन मुसलमान रोजा रखते हैं। इस साल रमजान की शुरूआत 1 मार्च 2025 से होने की उम्मीद है। रमजान का महीना बहुत बरकत वाला होता है। रमजान के महीने की अहमियत हसीद में बताया गया है कि ये वहीं महीना है जिसमें दोजख के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं और जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। इस पूरी महीने में रोजा रखना हर मुसलमान के लिए फर्ज.(जरूरी) हैं। ये वो महीना है जिसमें अल्लाह की तरफ से रहमतें नाज़िल होती है। इस पूरे महीने में 15 साल से ज्यादा के लड़का लड़कियों पर रोजा फर्ज है। रमजान के पूरे महीने में मुसलमान दिन में रोजा रखते हैं और रात में ईशा की नमाज के बाद तरावीह पढ़ते हैं। रमाज की ये सबसे दो अहम इबादतें है जिसे हर मुसलमान मानता है। रोजे मुसलमान पर फर्ज तो तरावी सुन्नत है। इस पूरे महीने की इबादत का मकसद खुद पर कंट्रोल करना है, नेक काम करना है और सब्र करना है। माहे रमजान के इस पूरे महीने की इबादत ये सिखाती है कि मुसलमान नर्म अखलाक बने और खुद पर कंट्रोल करें। दूसरों से मोहब्बत और हमदर्दी सिखाता है।

## आज का राशिफल

### मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

**मेष:** किसी संत पुरुष का आशीर्वाद मानसिक शान्ति प्रदान करेगा। आज आपको पैसों से जुड़ी कोई समस्या आ सकती है जिसे सुलझाने के लिए आप अपने पिता या पितातुल्य किसी आदमी से सलाह ले सकते हैं। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी खबर पूरे परिवार को खुशी देगी। आपकी आँखें चमकने लगेंगी और धड़कनें तेज हो जाएंगी, आज जब आप अपनी सपनों की राजकुमारी से मिलेंगे। आज के दिन कार्यक्षेत्र में चीजें वाकई बेहतरी की ओर बढ़ सकेंगी, अगर आप आगे बढ़कर उन लोगों से भी दुआ-सलाम करें जो आपको ज्यादा पसंद नहीं करते।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

**वृषभ:** अपने वजन पर नजर रखें और जरूरत से ज्यादा खाने से बचें। भागीदारी वाले व्यवसायों और चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें। दोस्तों के साथ घूमना-फिरना मजेदार रहेगा। लेकिन ज्यादा पैसे खर्च न करें, नहीं तो आप खाली जेब लेकर घर पहुँचेंगे। अप्रत्याशित रोमांस आपको अचानक मिल सकता है, अगर आप दोस्तों के साथ शाम को बाहर घूमने जाते हैं तो। आज ऑफिस में आपको अच्छे परिणाम नहीं मिलेंगे। आपका कोई खास ही आज आपके साथ विश्वासघात कर सकता है। जिसकी वजह से आप दिनभर परेशान रह सकते हैं।

### मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

**मिथुन:** दाँत का दर्द या पेट की तकलीफ आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। तुरंत आराम पाने के लिए अच्छे चिकित्सक की सलाह लेने में कोताही न बरतें। अपने धन का संचय कैसे करना है यह हुनर आज आप सीख सकते हैं और इस हुनर को सीख कर आप अपना धन बचा सकते हैं। नए पारिवारिक व्यवसाय को शुरू करने के लिए शुभ दिन है। इसे सफल बनाने के लिए दूसरे सदस्यों की भी मदद लें। आपके जहन में काम का दबाव होने के बावजूद आपका प्रिय आपके लिए खुशी के पलों को लाएगा।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

**कर्क:** जीवन-साथी खुशी की वजह साबित होगा। इस राशि के कारोबारियों को आज अपने घर के उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं। अगर आप दफ़्तर में अतिरिक्त समय लगाएंगे, तो आपकी घरेलू जिंदगी पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। आपकी मुलाकाता एक ऐसे दोस्त से होगी, जिसे आपका खयाल है और जो आपको समझता भी है। कामकाज के मामलों को सुलझाने के लिए अपनी होशियारी और प्रभाव का इस्तेमाल करें।

### सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

**सिहं:** भागमभाग भरे दिन के बावजूद आपकी सेहत पूरी तरह दुरुस्त रहेगी। केवल एक दिन को नजर में रखकर जीने की अपनी आदत पर काबू करें और जरूरत से ज्यादा वक़्त व पैसा मनोरंजन पर खर्च न करें। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व होगा। जिंदगी में एक नया मोड़ आ सकता है, जो प्यार और रोमांस को नयी दिशा देगा। आप जीतोड़ मेहनत और धीरज के बल पर अपने उद्देश्य हासिल कर सकते हैं। अपने जबरदस्त आत्मविश्वास का फायदा उठाएँ, बाहर निकलें और कुछ नए सम्पर्क व दोस्त बनाएँ।

### कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

**कन्या:** दिन फायदेमन्द साबित होगा और आप किसी पुरानी बीमारी में काफी आराम महसूस करेंगे। अगर आपका धन से जुड़ा कोई मामला कोर्ट-कचहरी में अटका था तो आज उसमें आपको विजय मिल सकती है और आपको धन लाभ हो सकता है। घर में उल्लास का माहौल आपके तनावों को कम कर देगा। आप भी इसमें पूरी सहभागिता करें और महज मूक दर्शक न बने रहें। रोमांस के लिए बढ़ाए गए कदम असर नहीं दिखाएंगे। कार्यक्षेत्र में आप खुद को खास महसूस करेंगे। इस राशि वाले जातकों को आज खाली वक़्त में आध्यात्मिक पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए।

### तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

**तुला:** आप आज खुद को रोजाना की अपेक्षा कम ऊजार्वान महसूस करेंगे। स्वयं को जरूरत से ज्यादा काम के नीचे न दबाएँ, थोड़ा आराम करें और आज के कामों को कल तक के लिए टाल दें। व्यापार में आज अच्छा खास मुनाफा होने की संभावना है। आज के दिन आप अपने बिजनेस को नई ऊंचाईयां दे सकते हैं। आज आपको अपने होशियारी और प्रभाव का उपयोग संवेदनशील घरेलू मुद्दों को हल करने के लिए करना चाहिए। आपका हमदम आपको पूरे दिन याद करता रहेगा। उसे कोई प्यारा सरप्राइज देने की योजना बनाएँ और इसे उसके लिए एक खूबसूरत दिन में तब्दील करने के बारे में सोचें।

### वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

**वृश्चिक:** कुछ दिलचस्प पढ़कर थोड़ी दिमागी कसरत करें। अगर आप सूझ-बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं। उन लोगों के साथ कुछ समय बिताएँ, जो आपको चाहते हैं और आपका खयाल रखते हैं। आपको आज ही अपने प्रिय को दिल की बात बताने की जरूरत है, क्योंकि कल बहुत देर हो जाएगी। कार्यक्षेत्र में हालात आपके पक्ष में रुख करते मालूम होंगे। आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा या सराहा जाएगा। आप महसूस कर सकते हैं कि जीवनसाथी का प्यार सारे दुःख-दर्द भुला देता है।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है- जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा। आर्थिक तौर पर बेहतरी के चलते आपके लिए जरूरी चीजें खरीदना आसान होगा। जरूरत के वक़्त आपको दोस्तों का सहयोग मिलेगा। प्रेम हमेशा आत्मीय होता है और यही बात आप आज अनुभव करेंगे। अगर आप थोड़ी देर अनुभवी लोगों की संगत में गुजारेंगे, तो आपको काफी ज्ञान मिलेगा। दीर्घावधि में कामकाज के सिलसिले में की गयी यात्रा फायदेमंद साबित होगी।

### मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

**मकर:** अपनी बीमारी के बारे में चर्चा करने से बचें। खराब तबियत से ध्यान हटाने के लिए कोई और दिलचस्प काम करें। क्योंकि इस बारे में आप जितनी ज्यादा बातें करेंगे, उतनी ही ज्यादा तकलीफ आपको होगी। पैसे की अहमियत को आप अच्छे से जानते हैं इसलिए आज के दिन आपके द्वारा बचाया गया धन आपके बहुत काम आ सकता है और आप किसी बड़ी मुश्किल से निकल सकते हैं। दोस्तों का साथ राहत देगा। आज आप अपने प्रिय से अपने जज्बात का इजहार करने में मुश्किल महसूस करेंगे। काम में मन लगाएँ और जज्बाती बातों से बचें।

### कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

**कुंभ:** आपकी ऊर्जा का स्तर ऊँचा रहेगा। आपको अपने अटके कामों को पूरा करने में इसका इस्तेमाल करना चाहिए। धन का आगमन आज आपको कई आर्थिक परेशानियों से दूर कर सकता है। किसी धार्मिक स्थल या संबंधी के यहाँ जाने की संभावना है। आप इस दिन को अपनी ज़िन्दगी में कभी नहीं भूलेंगे, अगर आप प्यार में डूबने के मौके को आज यूँ ही न गवाएँ तो। आज अनुभवी लोगों से जुड़कर जानने की कोशिश करें कि उनका क्या कहना है। आपके घर का कोई करीबी शख्स आज आपके साथ वक्त बिताने की बात कहेगा लेकिन आपके पास उनके लिए वक्त नहीं होगा।

### मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

**मीन:** किसी संत पुरुष का आशीर्वाद मानसिक शान्ति प्रदान करेगा। आज आपको पैसों से जुड़ी कोई समस्या आ सकती है जिसे सुलझाने के लिए आप अपने पिता या पितातुल्य किसी आदमी से सलाह ले सकते हैं। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी खबर पूरे परिवार को खुशी देगी। आपकी आँखें चमकने लगेंगी और धड़कनें तेज हो जाएंगी, आज जब आप अपनी सपनों की राजकुमारी से मिलेंगे। आज के दिन कार्यक्षेत्र में चीजें वाकई बेहतरी की ओर बढ़ सकेंगी, अगर आप आगे बढ़कर उन लोगों से भी दुआ-सलाम करें जो आपको ज्यादा पसंद नहीं करते।

# जैस्मीन वालिया को डेट कर रहे हैं हार्दिक पांड्या

भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और ब्रिटिश सिंगर और टीवी पर्सनैलिटी जैस्मीन वालिया को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं. दरअसल, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान मैच के दौरान दुबई के स्टेडियम में जैस्मीन वालिया मौजूद रहीं. मैच में जैस्मीन वालिया फ्लाइंग किस करते नजर आईं. इन सबको देखकर सोशल मीडिया पर दोनों की डेटिंग की अटकलों को हवा दी है. अब हार्दिक पांड्या और जैस्मीन वालिया ने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं. इसके बाद दोनों की डेटिंग का हिंट मिला है. हार्दिक पांड्या ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं. इनमें हार्दिक पांड्या बीच किनारे मस्ती के मूड में नजर आ रहे हैं.हार्दिक पांड्या की तस्वीरों को उनके तमाम चाहने वाले फैंस पसंद कर रहे हैं. इसके साथ ही कमेंट सेक्शन में प्यारे कमेंट कर रहे हैं.



हार्दिक पांड्या काफी खुश नजर आ रहे हैं. इसके बाद कुछ ऐसा हुआ की लोगों ने फिर से कयासबाजी करना शुरू कर दिया कि वो जैस्मीन वालिया को डेट कर रहे हैं.दरअसल, हार्दिक पांड्या के पोस्ट के कुछ घंटे बाद जैस्मीन वालिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं. इसको लेकर लोगों ने अटकलें लगाना शुरू कीं.जैस्मीन वालिया ने जो अपनी तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें वो सन बाथ लेती नजर आ रही हैं. दोनों की बीच पर की तस्वीरें देखकर ये डेटिंग का बड़ा हिंट मिला है.जैस्मीन वालिया और हार्दिक पांड्या को लेकर लोगों का कहना है कि दोनों बीच किनारे एंजॉय करने गए थे. हालांकि, दोनों की साथ में एक भी तस्वीर नहीं हैं. हार्दिक पांड्या और जैस्मीन वालिया के डेटिंग की कयासबाजी भारत और पाकिस्तान के मैच के बाद से तेज हुई है. हालांकि, दोनों का इस पर अब तक कोई रिएक्शन नहीं आया है।





# फ्लॉप फिल्में देने के बाद भी करोड़ों में कमाती हैं उर्वशी

**उर्वशी की ज्यादातर फिल्में फ्लॉप साबित हुई हैं लेकिन उससे एक्ट्रेस की कमाई पर कोई फर्क नहीं पड़ा है. वो फिल्मों के लिए मोटी रकम चार्ज करती हैं. रिपोर्ट्स की माने तो उर्वशी ने फिल्म में काम करने के लिए हर 3 मिनट के परफॉर्मेंस के लिए 3 करोड़ चार्ज किए हैं. उर्वशी इसके अलावा सोशल मीडिया से भी काफी कमाई करती हैं.**

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपनी एक्टिंग से ज्यादा लुक्स को लेकर सुर्खियों में रहती हैं. वो किसी न किसी वजह से चर्चा का हिस्सा बनी रहती हैं. उर्वशी ने कई फिल्मों में काम किया है मगर उनकी ज्यादातर फिल्में फ्लॉप साबित होती है. मगर फिर भी उर्वशी करोड़ों में चार्ज करती हैं. उर्वशी की हाल ही में डाकू महाराज रिलीज हुई है. जिसके लिए उन्होंने करोड़ों में फीस चार्ज की है. उर्वशी रौतेला ने 19 साल की उम्र में सनी देओल की फिल्म सिंह साहब द ग्रेट से इंडस्ट्री में कदम रखा था. उनकी ये फिल्म फ्लॉप साबित हुई थी मगर फिर भी उन्हें इसके बाद फिल्मों के ऑफर मिलने लगे थे. उर्वशी ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया है. जिसमें से सिर्फ हेट स्टोरी 4 ही हिट साबित हुई है. उर्वशी की ज्यादातर फिल्में फ्लॉप साबित हुई हैं लेकिन उससे एक्ट्रेस की कमाई पर कोई फर्क नहीं पड़ा है. वो फिल्मों के लिए मोटी रकम चार्ज करती हैं. रिपोर्ट्स की माने तो उर्वशी ने फिल्म में काम करने के लिए हर 3 मिनट के परफॉर्मेंस के लिए 3 करोड़ चार्ज किए हैं. उर्वशी इसके अलावा सोशल मीडिया से भी काफी कमाई करती हैं. उनके इंस्टाग्राम पर 72.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं. उर्वशी बीते दिनों ट्रोल्स के निशाने पर थीं. उन्होंने डाकू महाराज में अपने से 34 साल बड़े एक्टर नंदमुरी बालकृष्ण के साथ डांस नंबर किया है. इस गाने के स्टेप लोगों को अश्लील लगे जिसकी वजह से उन्हें जमकर ट्रोल किया गया. ये गाना खूब वायरल हुआ है. उर्वशी के एक्टर के साथ कुछ वीडियो भी सामने आए थे. जिसमें वो बहुत अनकंफर्टेबिल लग रही थीं. उर्वशी के पास डाकू महाराज के बाद भी बहुत ऑफर आ रहे हैं।





# आओ बनिए गुरसिख प्यारा टीवी गुरमत क्विज शो में शामिल हुई स्वीटी भाटिया

आओ बनिए गुरसिख प्यारा टीवी गुरमत क्विज शो, जो हर रविवार सुबह 10:30 बजे चढ़दी कला टाइम टीवी पर प्रसारित होता है, जिसमें सिख इतिहास, सिखों के उपलब्धियां , गुरबाणी की जानकारी देने वाला विश्व का प्रसिद्ध टीवी शो जिसने अभी 10 साल पूरे किए है जिसके यूट्यूब पर लगभग 550 एपिसोड उपलब्ध है, सीजन 35 के तीसरे एपिसोड में छत्तीसगढ़ रायपुर की दो प्रतिभागी रविंदर कौर ( स्वीटी भाटिया )जी, सरदार जतिन्दर सिंह भाटिया की पत्नी , जो पिछले हफ्ते कुछ सवालों के सही जवाब दे चुकी है , समय समाप्ति होने पर इस रविवार को पुनः टीवी शो में प्रश्नों के उत्तर देंगी, अब देखना है कि , स्वीटी भाटिया जी की मेहनत क्या रंग लाती है आओ बनिए गुरसिख प्यारा का ताजपहन पाती है या नहीं वैसे , भाटिया जी टाइटल के काफी नज़दीक हैं, दूसरी प्रतिभागी रायपुर गोबिंद नगर पंडरी की बेटी जसवीन कौर सलूजा पुत्री सरदार मंजीत सिंह सलूजा भी 23/02/2025इसी प्रोग्राम में शामिल हो कर अपने ज्ञान का हुनर और सवालों के जवाब देती नजर आएंगी, इनके चयन होने पर सिक्ख समाज व परिवार में खुशी का माहौल है, दोनों प्रतिभागी अपने को गौरवंतित महसूस कर रहे है। गुरमत ज्ञान मिशन प्रतापगढ़ द्वारा 08/09/2024को लिखित परीक्षा/ऑडिशंस में चयनित हुई थी , जिनको इस शो में आने का अवसर प्राप्त हुआ जो कल 23 /02/ 2025 रविवार को अपने हुनर और सवालों के जवाब देती हुई टीवी शो में नजर आएगी रविंदर कौर, एवं बेटी जसवीन कौर जी को तैयारी कराने में ABGP टीम का व रायपुर की शहीद भाई तारु सिंह फाउन्डेशन संस्था, का भरपूर सहयोग रहा, रविंदर कौर( स्वीटी भाटिया) जी का पंछियों को प्रति बहुत मोह है , भविष्य में इनका सपना है कि , एक पंछियों के लिए बर्ड टावर बनाने का है। रविंदर कौर व जसवीन कौर ने एवं इनके परिवार ने ABGP टीम का, सरोज कौर, ममता कौर जी विशेष कर भाई तारु सिंह फाउंडेशन, गुरमत ज्ञान मिशन प्रतापगढ़ के मंजीत सिंह गोबिंद जी का आभार धन्यवाद किया,गुरमत ज्ञान मिशन प्रतापगढ़ के मंजीत सिंह गोबिंद ने आओ बनिए गुरसिख प्यारा पंजाबी गुरमत टीवी शो के लिए प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, बस्ती लखनऊ, सुल्तानपुर, गोंडा, गोरखपुर उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों के अलावा छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान आदि प्रदेशों व शहरों में टीवी शो के लिए प्रतिभागियों का चयन कर इस शो में पहुंचने का कार्य करते हैं, निकट समय में इंदौर भोपाल, नागपुर में भी इसी तरह की परीक्षा होनी है आप दोनों पर के टीवी शो में भाग लेने पर इनके परिवार ने सभी से आग्रह किया है कि सभी प्रोग्राम को अवश्य देखें और अपने ज्ञान में वृद्धि करें। उक्त जानकारी सरदार मंजीत सिंह गोबिंद प्रतिभागी चयन करताABGP टीम ने दी।





# पूनम पांडे ने खुद प्लान किया था किसिंग इंसिडेंट

बॉलीवुड एक्ट्रेस पूनम पांडे इन दिनों एक किसिंग इंसिडेंट को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं. उनके साथ हुई इस घटना को लेकर शर्लिन चोपड़ा, अनु अग्रवाल सहित तमाम सेलिब्रिटीज ने रिएक्शन भी दिया था. दरअसल, पूनम पांडे हाल ही में पैपराजी से बात कर रही थीं और इस दौरान एक शख्स आता है और उनके साथ सेल्फी लेने के बहाने उन्हें किस करने की कोशिश करता है. इस वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने जमकर रिएक्शन दिए. लेकिन अब पूनम पांडे के किसिंग इंसिडेंट को लेकर बड़ा सच सामने आया है. आइए जानते हैं कि ऐसा क्या सामने आया है.पूनम पांडे को किस करने की कोशिश करने वाले शख्स की प्रोफाइल इंस्टाग्राम पर मिली है. इस प्रोफाइल के मुताबिक, शख्स का नाम दीपक राज है. इस शख्स ने इंस्टाग्राम पर खुद को एक्टर, मॉडल और कास्टिंग डायरेक्टर बताया है. दीपक राज के इंस्टाग्राम पोस्ट की बात करें तो फिल्म शूटिंग, स्क्रिप्ट रीडिंग सहित तमाम वीडियो देखने को मिल जाएंगे. इस तरह से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पूनम पांडे को किस करने की कोशिश करने वाला शख्स दीपक राज एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से जुड़ा हुआ है. ऐसे में सोशल मीडिया पर लोग कयासबाजी लगा रहे हैं कि पूनम पांडे ने खुद से इस किसिंग इंसिडेंट की प्लानिंग की होगी. हालांकि, इसको लेकर एक्ट्रेस की तरफ से कोई बयान नहीं आया है. पूनम पांडे के किसिंग इंसिडेंट की क्या सच्चाई है ये तो वो खुद या दीपक राज बता सकते हैं. बताते चलें कि दीपक राज ने हाल ही में पूनम पांडे को किस करने की कोशिश को लेकर बात की थी. उन्होंने कहा था, वो मेरा इमोशन था और उनके लिए प्यार है. वो प्यार आप लोगों को दिखेगा और बहुत बेहतरीन तरीके से दिखेगा जिस दिन मैं पूनम जी के साथ डेट पर जाऊंगा. मेरा प्यार सौ प्रतिशत दिखेगा जिस दिन मैं पूनम जी को इजहार करूंगा और मुझे पूरा भरोसा है कि वो मुझे स्वीकार करेंगी।

# बैकग्राउंड डांसर से बनी 'स्टंट वुमन' शिल्पा कटारिया

शुरुआत से शिल्पा को डांस का बहुत शौक था. वो डांसर बनने के लिए ही मुंबई आई थीं. साथ में फिल्मों में काम करने का सपना भी था. कुछ फिल्मों में उन्होंने बतौर बैकग्राउंड डांसर काम भी किया. लेकिन इस बीच उनके साथ एक ऐसा हादसा हुआ कि वो डांस छोड़कर स्टंट परफॉर्म करने लगीं. दरअसल कई विदेशी पब और बार में इंडियन डांसर को काम दिया जाता है. शिल्पा को भी जब सिंगापुर के एक डांस बार में डांस करने का ऑफर आया, तब अच्छे पैसे देखकर वो भी तुरंत मान गईं. लेकिन उनके वहां जाते ही उनका पासपोर्ट एजेंट ने अपने पास रख लिया, उन्हें घंटों तक काम करने के लिए मजबूर किया जाता था. इस बीच न तो वो अपने देश लौट सकती थीं, न ही किसी अपने को संपर्क करके अपना दुख बांट सकती थीं. 6 महीने तक मेंटल और फिजिकल टॉर्चर झेलने के बाद जब शिल्पा मुंबई आईं तब उन्होंने ये फैसला ले लिया था कि वो डांस करना छोड़ देंगी. डांस छोड़ने के बाद उनकी पहचान एक स्टंट डायरेक्टर से हुई और वहां उनके फिटनेस को देखते हुए उन्हें छोटे-मोटे स्टंट्स करने का काम मिल गया.



**सबसे पहला स्टंट**

शिल्पा कटारिया ने सबसे पहले एकता कपूर के मशहूर टीवी सीरियल 'नागिन' के सीजन 3 में स्टंट परफॉर्म किया था. शिल्पा ने उस स्टंट को याद करते हुए बताया कि जब मैं पहली बार बहुत बड़ा स्टंट करके घर आई थी, तब मेरी सिर पर, मेरी कमर पर, मेरे हाथ पर, सब जगह चोट लगी थी. जब मेरी बेटी और भाई ने ये देखा, तब उन्होंने पूछा कि तुम स्टंट कर रही थीं या तुम्हारा एक्सीडेंट हो गया है? दोनों मेरे लिए बहुत परेशान थे. दोनों ने मुझे हल्दी वाला दूध पीने को दिया, मेरी चोटों पर हल्दी लगाई. लेकिन धीरे-धीरे ये परेशानियां कम हो गईं और मजा ज्यादा आने लगा.

**आज तक कई एक्ट्रेस के साथ परफॉर्म कर चुकी हैं स्टंट**

शिल्पा ने कई फिल्मों में बतौर स्टंट वुमन काम किया है. उन्होंने बताया कि स्टंट करते हुए चोट लगना तो आम बात है, लेकिन रकुल प्रीत की फिल्म 'आई लव यू' की शूटिंग के दौरान उनके गले की हड्डी फैक्चर हुई थी. शिल्पा कहती हैं कि वो उनकी जिंदगी का सबसे डरावना पल था, जब उन्हें हारनेस पर बांधकर दीवार पर फेंका गया तब उन्हें बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि उनका इस तरह से एक्सीडेंट हो जाएगा, इस एक्सीडेंट के बाद वो 1 साल तक कोई काम नहीं कर पाई थीं. लेकिन शिल्पा ने उम्मीद नहीं हारी, वो अपनी बेटी को एक अच्छा जीवन देना चाहती हैं और इसलिए वो आसानी से हर मुश्किल का सामना करने के लिए तैयार रहती हैं.एक्सीडेंट वाले स्टंट को याद करते हुए शिल्पा ने कहा कि जब मुझे चोट आई थी, तब रकुल प्रीत के साथ पूरी टीम मेरे लिए चिंतित थी और मेरे इलाज का खर्च भी उन्हीं की तरफ से उठाया गया था.शिल्पा एक सिंगल मदर हैं. उनकी एक बेटी है. शिल्पा अपनी बेटी को दुनिया की हर खुशी देना चाहती हैं. इस बारे में बात करते हुए शिल्पा ने बताया कि सिंगल पैरेंट होने की वजह से मेरी बेटी की पूरी जिम्मेदारी मुझपर है।



# अदाणी विल्मर की अक्षय पात्र फाउंडेशन के साथ साझेदारी

## यह साझेदारी फॉर्च्यून सुपोषण द्वारा कुपोषण से लड़ने और शिक्षा का समर्थन करने के लिए अभियान है

♦भारत टाइम्स♦

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी खाद्य और एफएमसीजी कंपनियों में से एक अदाणी विल्मर लिमिटेड (एडब्ल्यूएल) का लक्ष्य हर भारतीय तक पहुंचना, उन्हें पूरी तरह से जीवन जीने में सक्षम बनाना है और देश को मजबूत, स्वस्थ और अधिक उत्पादक बनाना है। इस मिशन की शुरूआत फॉर्च्यून सुपोषण से हुई, जो कुपोषण और एनीमिया को दूर करने वाली एक प्रमुख सीएसआर परियोजना है। मिशन को आगे बढ़ाने के लिए, कंपनी ने अहमदाबाद में वंचित स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए अपने मिड-डे मील कार्यक्रम में अक्षय पात्र फाउंडेशन के साथ सहयोग किया है। बेंगलुरू स्थित अक्षय पात्र फाउंडेशन 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 24,000 सरकारी और सरकारी सहायता




प्राप्त स्कूलों में मिड डे मील कार्यक्रम संचालित करता है, जिसके तहत प्रतिदिन 21 लाख से अधिक बच्चों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इस सहयोग के तहत स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन का निर्बाध वितरण सुनिश्चित करने के लिए छह नई डिलीवरी वैन शुरू की गई हैं। इन वैन के लिए हरी झंडी दिखाने का समारोह अहमदाबाद में हुआ, जिसमें अदानी विल्मर और अक्षय पात्र फाउंडेशन के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल हुए। यह पहल एफएमसीजी कंपनी द्वारा देशभर में बच्चों के लिए भोजन की सुलभता में सुधार और उनके स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए दिखाई गई प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है। श्री अंशु मलिक, एमडी - सीईओ, अदाणी विल्मर ने कहा,₹हमें मिड-डे मील कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की भूख मिटाने के उनके मिशन में अक्षय पात्र फाउंडेशन के साथ सहयोग बढ़ाने पर गर्व है। अदाणी विल्मर में, हम मानते हैं कि उचित पोषण शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य का मूल है। ये डिलीवरी वैन सुनिश्चित करेंगी कि भोजन बच्चों तक निर्बाध रूप से पहुंचे, जिससे युवाओं को पोषण देने और उनके विकास का समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता को बल मिलेगा। श्री राय राम दास, उपाध्यक्ष, अक्षय पात्र फाउंडेशन ने कहा,₹बच्चों को भोजन का निर्बाध वितरण सुनिश्चित करने में उनके अटूट समर्थन के लिए हम अदाणी विल्मर के अत्यंत आभारी हैं। ये वैन हमें अधिकाधिक बच्चों तक कुशलतापूर्वक पहुंचने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण हैं, तथा कक्षा में भूख मिटाने के हमारे साझा दृष्टिकोण को मजबूत करती हैं।

# महाशिव रात्रि पर अमृत स्नान हेतु 25 फरवरी को पूर्वोत्तर रेलवे से/होकर कुल 73 ट्रेनें चलाई गईं

- 26 फरवरी को 16.00 बजे तक पूर्वोत्तर रेलवे से 35 मेला विशेष ट्रेनें/रिंग रेल चलाई गईं
- 10 जनवरी से 25 फरवरी, 2025 तक पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से/होकर कुल 2,918 नियमित एवं मेला विशेष ट्रेनें चलाई गईं
- प्रयागराज रामबाग एवं झूसी स्टेशनों पर 21,526 श्रद्धालु यात्रियों को प्रदान की गई चिकित्सा सहायता
- पूर्वोत्तर रेलवे पर 2,70,856 वर्गफीट में बने पैसेंजर होल्डिंग एरिया श्रद्धालु यात्रियों के लिए बना वरदान

♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा, सहायता एवं उनकी सुगम यात्रा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने भारी संख्या में मेला विशेष ट्रेनों के संचलन के साथ ही साथ यात्रियों की सुविधा हेतु अतिरिक्त कर्मचारियों, सुरक्षा हेतु रेलवे सुरक्षा बल/विशेष बल के अतिरिक्त जवानों तथा चिकित्सकीय सहायता हेतु अनुभवी डॉक्टरों एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की तैनाती प्रयागराज रामबाग एवं झूसी स्टेशनों पर किया गया। महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर के नेतृत्व में मुख्यालय एवं मण्डल के वरिष्ठ अधिकारियों ने लगातार स्टेशनों एवं ट्रेनों की निगरानी की, जिससे यात्रियों की मांग के अनुरूप मेला विशेष गाड़ियों का संचलन किया गया। महाशिव रात्रि पर अमृत स्नान हेतु 25 फरवरी, 2025 को पूर्वोत्तर रेलवे से/होकर कुल 73 ट्रेनें चलाई गईं। 26 फरवरी, 2025 को 16.00 बजे तक पूर्वोत्तर रेलवे से/होकर मेला विशेष गाड़ियाँ, नियमित ट्रेन, रिंग रेल एवं लम्बी दूरी की ट्रेनों सहित कुल 44 ट्रेनें चलाई गईं। महाकुम्भ-2025 के अवसर पर 10 जनवरी से 25 फरवरी,2025 तक पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से/होकर प्रयागराज क्षेत्र के लिए1289 नियमित एवं 1629 मेला विशेष ट्रेनों सहित कुल 2,918 ट्रेनें चलाई गईं। मेला विशेष गाड़ियों के संचलन हेतु पर्याप्त संख्या में रेक/कोचों की व्यवस्था की गई है, जिससे नियमित अन्तराल पर तथा मांग के अनुरूप विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। ट्रेनों के दोनों तरफ इंजन लगाये गये, जिससे इंजन रिवर्सल में लगने वाले समय की बचत की जा सके। महाकुम्भ के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे ने प्रयागराज रामबाग एवं झूसी स्टेशनों पर श्रद्धालु यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये 24 घंटे फर्स्ट एड बूथ तथा ऑब्जरवेशन रूम आधुनिक में चिकित्सा सुविधायें प्रदान की गई हैं। इस दौरान प्रयागराज रामबाग स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों तथा झूसी स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1 एवं 4 पर महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालु यात्रियों को त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिये मेडिकल बूथ बनाया गया है। महाकुम्भ मेला के दौरान 25 फरवरी, 2025 तक कुल 21,526 श्रद्धालु यात्रियों को प्राथमिक चिकित्सा एवं चिकित्सा सहायता प्रदान की गई जबकि 99 गम्भीर मरीजों को स्थानीय चिकित्सालयों में भेजा गया। आपरेशन सेवा के तहत अभी तक रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 864 बीमार अथवा घायल श्रद्धालु यात्रियों को स्ट्रेचर/एम्बुलेंश से नजदीकी हास्पिटल पहुचांकर उपचार कराया गया तथा 1272 बुजुर्ग/दिव्यांग/चलने-फिरने में अस्मर्थ श्रद्धालुओं को गाड़ियों में बैठाया गया अथवा उन्हें गाड़ियों से उतारा गया। इसी प्रकार आपरेशन डिग्निटी के तहत रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 559 बिछड़े/भूले भटके यात्रियों को उनके परिजनों से मिलाया गया। आपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत 16 बच्चों को रेस्क्यू कर चाइल्ड हेल्प डेस्क को सौपा गया।19 श्रद्धालुओं के रू. 1.65 लाख मूल्य के गुमशुदा समानों को बरामद कर उन्हें सुपुर्द किया गया। श्रद्धालु यात्रियों को उन्नत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के क्रम में, पूर्वोत्तर रेलवे के झूसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर कुल 2,36,806 वर्गफीट में स्थाई पैसेंजर होल्डिंग एरिया तथा बनारस, सीवान, बलिया, गोरखपुर जं., देवरिया सदर एवं छपरा जं. स्टेशन पर कुल 34,050 वर्गफीट में अस्थाई पैसेंजर होल्डिंग एरिया बनाया गया है, जो यात्रियों की महाकुम्भ यात्रा को सरल, सुगम एवं सुविधाजन्य बना रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सहायता के लिये झूसी स्टेशन पर 1,140 तथा प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर 750 रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त कर्मचारियों तथा की तैनाती की गई।प्रयागराज रामबाग एवं झूसी स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा स्टेशन परिसर, पैसेंजर होल्डिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज तथा प्लेटफॉर्मों पर सुरक्षा के दृष्टिगत मेगा माइक के माध्यम से यात्रियों को निर्देशित एवं जागरूक किया जा रहा है। महाशिवरात्रि की भीड़ के मद्देनजर रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये सुरक्षा, आश्रय, आसान टिकट वितरण एवं बड़ी संख्या में विशेष गाड़ियों की व्यवस्था की गई है।

# झूम के निकली शिवबारात

♦भारत टाइम्स♦

**रामनगर।** वाराणसी महाशिवरात्रि के अवसर पर रामनगर में भी शिवबारात का आयोजन हुआ। देव दीपावली एवं शिव बारात पूजा ट्रस्ट की ओर से रामनगर बलुआ घाट धर्मशाला ने सायं छह बजे शिव बारात निकाली गई। बारात में कई लाग विमान शामिल थे। हर हर महादेव के उद्घोष के साथ जब बारात निकली तो लगा कि जैसे हर कोई बाराती बनने को उतावला है। नाचते गाते बारातियों ने पूरा माहौल शिव मय बना दिया। बारात ने चारों दिशाओं में भ्रमण किया। व्यापार मंडल के लोगों की ओर से चौक में बारातियों का स्वागत किया और उन्हें जलपान कराया गया। चौक में परिछन और आरती के साथ शिवबारात का आयोजन समाप्त हुआ। शिव बारात में गणेश



प्रसाद,रघुराज सिंह, रंजीत चौहान,अवधेश कुशवाहा,पारस नाथ गुप्ता,देवेश गुप्ता, विकास रावत, अनुराग दूबे,मनोज केशरी ने सक्रिय योगदान दिया। दूसरी तरफ गोलाघाट युवा समिति रामनगर द्वारा महाशिवरात्रि पर प्रसाद का वितरण किया गया। तेलियाना चौराहा पर अपराह्न तीन बजे से प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ और देर रात चला। इस दौरान संतोष द्विवेदी , रवि गुप्ता,संतोष गुप्ता, बाबा यादव,प्रमोद यादव, अमित गुप्ता,दीपक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# जावरा श्रीसंघ के 36 सदस्य पहुंचे चातुर्मास की विनंती लेकर

## चातुर्मास विनंती हेतु पहुंचा आहोर श्रीसंघ

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** दादा गुरुदेव श्रीमद विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराजा द्वारा किए गए क्रियोद्धार की पावन भूमि जावरा श्रीसंघ के 36



सदस्यो द्वारा गुजरात के खेड़ा नगर में श्री सौधर्म बृहत्तपागच्छीय त्रिस्तुतिक जैनाचार्य श्रीमद् विजय राजेन्द्र सुरीश्वरजी महाराज के सप्तम पट्टधर एवं पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी महाराजा के शिष्यरत्न वर्तमान सौधर्म बृहदतपागच्छाधिपति गच्छाधिपति आचार्य देव श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा. के आगामी चातुर्मास वर्ष 2025 की विनंती की। उक्त जानकारी देते हुए परिषद स्थानीय प्रवक्ता दिविक कावड़िया ने जावरा श्रीसंघ का 36 सदस्यो का प्रतिनिधि मंडल श्रीसंघ अध्यक्ष अजीत चत्तर के नेतृत्व में गच्छाधिपतिश्री से वर्ष 2025 का चातुर्मास जावरा नगर में करने की भावपूर्वक विनंती की। पूज्य गच्छाधिपतिश्री ने जावरा संघ की विनंती को सुनकर कहा कि, आपकी विनती जोरदार है, भाव भी ऊंचे है, लेकिन चातुर्मास की घोषणा का इंतजार तो आपको चैत्री पूर्णिमा तक परंपरानुसार करना ही पड़ेगा। पुण्य सम्राट इच्छा हुई तो आपकी भी भावना पूरी होगी।

# महाकुम्भ में आने/जाने वाले श्रद्धालुओं की सहायता के साथ यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास

♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तररेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़, आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार की रोकथाम तथा महाकुम्भ में आने/जाने वाले श्रद्धालुओं की सहायता के साथ यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में मानवीय सेवा के अन्तर्गत 25 फरवरी, 2025 को महाकुम्भ में अमृत स्नान करने आये 18 श्रद्धालुओं को रैपिड एक्शन टीम एवं रेलवे सुरक्षा बल, प्रयागराज रामबाग तथा झूसी द्वारा सहायता प्रदान किया गया जिसमें 07 अस्वस्थ श्रद्धालुओं का उपचार कराया गया एवं चलने में असमर्थ 10 पुरूष व महिला श्रद्धालुओं को सहायता प्रदान कर प्लेटफार्म पर पहुंचाया गया तथा परिजन से बिछड़े हुए 01 श्रद्धालु को उनके परिजन से मिलाया गया। 25 फरवरी, 2025 को गाड़ी संख्या-05104 के देवरिया स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-03 से प्रस्थान के समय एक दम्पति यात्री चलती गाड़ी में चढ़ने के प्रयास में नीचे गिर गये। रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस देवरिया द्वारा उक्त दोनों यात्रियों को सुरक्षित बचाया गया।रेलवे सुरक्षा बल द्वारा महाकुम्भ में आने/जाने वाले श्रद्धालु यात्रियों की सेवा का क्रम निरन्तर चल रहा है।

# प्रसिद्ध समालोचक एवं लोक मनीषी प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा साहित्य विभूषण सम्मान से अलंकृत होंगे

## नई दिल्ली में 1 मार्च को आयोजित सम्मान समारोह में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलानुशासक प्रो शर्मा को सम्मानित किया जाएगा

♦भारत टाइम्स♦

**उज्जैन/ जगदीश परमार।** नई दिल्ली में 1 मार्च 2025 शनिवार को आयोजित इंडिया नेटबुक्स एवं बीपीए फाउंडेशन अवार्ड अलंकरण समारोह में प्रसिद्ध समालोचक, लोकमनीषी एवं विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के हिंदी विभागाध्यक्ष और कुलानुशासक प्रो शैलेंद्र कुमार शर्मा को साहित्य विभूषण सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। संस्था द्वारा नई दिल्ली में शनिवार, 1 मार्च को आयोजित इस



समारोह में देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं संस्कृतिकर्मियों द्वारा प्रो शर्मा को साहित्य विभूषण सम्मान अर्पित किया जाएगा। आयोजन के संस्थापक - संयोजक वरिष्ठ लेखक डॉ संजीव कुमार, नई दिल्ली ने बताया कि हिंदी में साहित्य एवं रचनाकर्म को समृद्ध करने के उद्देश्य से बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स द्वारा प्रतिवर्ष साहित्यकारों एवं संस्कृतिकर्मियों को सम्मानित किया जाता है। यह अवार्ड सभी विधाओं के लिये दिये जाते हैं। विगत वर्षों में यह पुरस्कार वरिष्ठ कथाकार चित्रा मुद्गल, ममता कालिया, प्रेम जनमेजय, डॉ प्रताप सहगल आदि को दिया जा चुका है। प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा को इस वर्ष के साहित्य विभूषण सम्मान - शिव प्यारी देवी अवस्थी सम्मान से अलंकृत किया जा रहा है। समीक्षा एवं अनुसंधानपरक लेखन में पिछले लगभग साढ़े तीन दशकों से निरंतर सक्रिय प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा ने साहित्य, संस्कृति, भाषा, लिपि, उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान दिया है। उन्होंने शब्दशक्ति सम्बन्धी भारतीय और पाश्चात्य अवधारणा तथा हिन्दी काव्यशास्त्र, हिंदी कथा साहित्य, देवनागरी विमर्श, मालवा का लोकनाट् ?य माच और अन्य विधाएं, हिन्दी भाषा संरचना, प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य, मालवी भाषा और साहित्य, आचार्य नित्यानंद शास्त्री और रामकथा कल्पलता, मालवसुत पं सूर्यनारायण व्यास, हिंदी झ भीली अध्येता कोश, मालवी लोक साहित्य, बघेली लोक साहित्य, गोंडी लोक साहित्य, भीली लोक साहित्य, सिंहस्थ विमर्श, अवन्ती क्षेत्र और सिंहस्थ महापर्व, महात्मा गांधी : विचार और नवाचार, स्त्री विमर्श : परंपरा और नवीन आयाम, मालव मनोहर आदि सहित निबंध, आलोचना, भाषाशास्त्र, देवनागरी लिपि, लोक एवं जनजातीय साहित्य और संस्कृति आदि विषयों पर पैंतीस से अधिक ग्रन्थों का लेखन एवं सम्पादन किया है। शोध पत्रिकाओं और ग्रन्थों में उनके तीन सौ से अधिक शोध एवं समीक्षा निबंधों तथा प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में आठ सौ से अधिक कला एवं रंगकर्म समीक्षाओं का प्रकाशन हुआ है। उन्होंने साहित्य, भाषा, लिपि, और लोक एवं जनजातीय संस्कृति से जुड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की सैकडों संगोष्ठियों, व्याख्यानमाला और कार्यशालाओं में व्याख्यान, शोध प्रस्तुति एवं समन्वय किया है। प्रो शर्मा ने थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस, यूएई एवं म्यांमार की अकादमिक यात्राएँ की हैं। उन्हें पूर्व में अर्पित किए गए महत्वपूर्ण एवं ख्यात सम्मान और पुरस्कार हैं - आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी सम्मान, म. प्र. लेखक संघ, भोपाल द्वारा हिन्दी समीक्षा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए डॉ. संतोष तिवारी समीक्षा सम्मान, साहित्य भूषण सम्मान, राष्ट्रीय कबीर सम्मान, हिंदी सेवी सम्मान, भाषा- भूषण सम्मान, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, आचार्य विनोबा भावे राष्ट्रीय नागरी लिपि सम्मान, अक्षर आदित्य सम्मान, आलोचना भूषण सम्मान, अभिनव शब्द शिल्पी अलंकरण, साहित्य सिंधु सम्मान, विश्व हिन्दी सेवा सम्मान आदि। इस उपलब्धि के लिए प्रदेश के अनेकसाहित्यकारों, संस्कृतिकर्मी और शिक्षाविदों ने हर्ष व्यक्त कर प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा को बधाई दी है।

# 17 सुत्री मांगो को लेकर चार मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेंगे राजस्व कर्मचारी

♦भारत टाइम्स♦

**गया।** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (महासंघ गोपगुट से सम्बद्ध) जिला इकाई की बैठक गया के गांधी मैदान में आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी 24 अंचल के राजस्व कर्मचारीयों नें भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से राहुल कुमार को जिलाध्यक्ष एवं राजन कुमार को जिला सचिव के रूप में चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राहुल कुमार ने किया जबकि संचालन राजन कुमार ने किया। इस मौके पर राज्य कमेटी के आह्वान पर गृह जिला में पदस्थापन तथा 2800 ग्रेड पे वेतनमान साहित 17 सुत्री मांगो को लेकर आगामी चार मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। इसके अलावा अन्य कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। जिले के सभी राजस्व



कर्मचारीयों नें अंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए एकजुटता के साथ रहने का आह्वान किया। मौके पर नितेश कुमार, विकाश कुमार, रितेश कुमार, तकसीर आलम,प्रमोद कुमार , संतोष कुमार, संजीव कुमार ,नीरज कुमार मंडल तथा अन्य विभिन्न अंचल से आए सभी राजस्व कर्मचारी मौजूद थे।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने महाशिवरात्रि पर श्रृंगेश्वर महादेव का अभिषेक कर आरती का लाभ लिया

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** झाबुआ जिले के प्राचीन धाम एवं माही नदी एवं मधु कन्या नदी के संगम स्थल पर अवस्थित श्रृंगेश्वर महादेव धाम पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल ने श्रृंगेश्वर महादेव का अभिषेक कर महाआरती में सम्मिलित हुए। कलेक्टर ने समस्त जिलेवासियों की सुख शांति के लिए भगवान शिव से आराधना की। इसी के साथ माही नदी व मधुकन्या के समागम स्थल पर विराजमान प्राचीन शिवलिंग के भी कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल के साथ पेटलावद एसडीएम तनुश्री मीणा ने दर्शन कर माही नदी घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान पर तहसीलदार , नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# अंजनशलाका प्रतिष्ठा एवं भागवती दीक्षा प्रसंगे जैनाचार्य एवं साधु–साध्वीवृन्द का चौहटन प्रवेश कल

♦भारत टाइम्स♦

**चौहटन / डूंगर राठी।** श्री ऋषभ जिन प्रासाद की भव्य अंजनशलाका प्रतिष्ठा एवं दो मुमुक्षुओं की भागवती दीक्षा निमित्त जैनाचार्य खरतरगच्छाधिपति श्रीजिनमणिप्रभसूरीश्वरजी महाराज, बहिन मरासा डॉ. विद्युतप्रभा श्रीजी म.सा. के साथ बड़ी संख्या में साधु साध्वीवृन्द का चौहटन मंगल प्रवेश आज 27 फरवरी गुरुवार को प्रातः 8 बजे गाजे बाजे के साथ द्वारकादास डोसी पेट्रोल पंप से होगा। इसकी तैयारियों को लेकर स्थानीय जैन समुदाय में खासा उत्साह नजर आरहा हैं। अपने गुरु भगवन्तों के स्वागत में जगह जगह बैनर, होर्डिंग्स इत्यादि लगाए गए हैं। रमेशकुमार, नीतिनकुमार सुपुत्र जेठमलजी सेठिया परिवार द्वारा स्वद्रव्य से परमात्मा आदिनाथ का भव्य जिनालय कस्बे के सुंदर नगर आबादी में निर्माण करवाया गया है जिसकी अंजनशलाका प्रतिष्ठा सोमवार दिनांक 03 मार्च को सम्पन्न होगी , इसी के साथ मुमुक्षु वर्षा सुपुत्री मदनलाल सेठिया एवं मुमुक्षु मुस्कान सुपुत्री बाबूलाल धारीवाल की भागवती का समारोह भी उसी दिन दीक्षा ग्राउंड के विशाल पांडाल में गुरु भगवन्तों की पावन निश्रा में सम्पन्न होगा। इस पाँच दिवसीय आयोजन को लेकर स्थानीय जैन समुदाय एवं लाभार्थी परिवारों द्वारा जोर की तैयारियों की जा रही हैं। दिन में पंच कल्याणक विधान, पूजा, राज दरबार का मंचन, स्वामी वात्सल्य एवं रात्रिकालीन परमात्मा की मधुर भक्ति का आयोजन चलेगा। मुमुक्षु परिवार द्वारा आज दोपहर में स्थानीय शांतिनाथ प्रवचन हॉल में सांझी एवं मेहंदी का कार्यक्रम रखा गया था जिसमे सोनू वडेरा ने मधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी। सायंकाल में मुमुक्षुओं की बन्दोली निकाली गई। आयोजक परिवारों ने पूरे आयोजन को भव्य बनाने एवं पूर्ण सहयोग देने की सभी से विनंती की हैं।

# शिवरात्रि पर कानपुर के मंदिरों में उमड़े भक्त ,रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

- इस दौरान पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी घूम घूम कर मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

♦भारत टाइम्स♦

**सुनील बाजपेई कानपुर।** शिवरात्रि के पावन पर्व पर आज यहां मंगलवार को शिव मंदिरों में भोले भंडारी भगवान शिव के भक्त उमड़ पड़ेक बम बम भोले के जयकारों के बीच उन्होंने मंदिरों में अपनी पूजा अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा बेहद बड़े इंतजाम रखे गए थे। सुरक्षा की विशेष व्यवस्था यहां के प्रमुख परमट शिवराजपुर के खेरेश्वर, शिव मंदिर , जाजमऊ सिद्धनाथ मंदिर समेत जिले के अन्य सभी ऐतिहासिक शिव मंदिरों में भी और जाजमऊ के




सिद्धनाथ मंदिर समेत अन्य सभी शिव मंदिरों में भी की गई थी। इसमें इस दौरान भगवान शिव के दर्शन पूजन अर्चन के लिए भक्तों की भीड़ रात2:00 बजे से ही परमट मंदिर में जुट गई थी। इनमें सर्वाधिक भीड़ युवाओं की भी रही, जिनमें युवतियों की संख्या भी काफी दिखाई पड़ी। इस दौरान उनमें शिव के दर्शन को लेकर जमकर धक्का-मुक्की भी हुई। कई बार ऐसी भी नौबत आई जब पुलिस को भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कड़ी मेहनत से जूझना पड़ा। इसी तरह से चकेरी के प्रसिद्ध श्री सिद्धनाथ मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां भी लोगों ने पूजन अर्चन के साथ लोगों ने भगवान शिव का दुग्ध अभिषेक किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी घूम घूम कर मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। आज शिवरात्रि पर जिन शिव मंदिरों में सर्वाधिक भीड़ हुई उनमें से शिवराजपुर के खेरेश्वर शिव मंदिर भी शामिल रहा। जगत जननी मां जगदंबा और बाबा भोलेनाथ के अनन्य भक्त समाज सेवी हंसपुरम के ठाकुर एसके सिंह के मुताबिक इस मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक भी हर तरह की मनोकामनाएं अवश्य ही पूरी करता है।

# महाशिवरात्रि पर शिवोपासना में लीन रहे सीएम, की लोक कल्याण की प्रार्थना

## गोरखनाथ मंदिर में गोदुग्ध से भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

♦भारत टाइम्स♦

**गोरखपुर।** देवाधिदेव महादेव भगवान शिव की उपासना के विशेष पर्व महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ से लगायत जिले के चार प्रमुख शिवालयों में भोलेनाथ के दर्शन, पूजन, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक आदि अनुष्ठान में लीन रहे। विधि विधान से पूजनोपरांत उन्होंने भगवान आदियोगी से लोकमंगल, राष्ट्र कल्याण और सभी नागरिकों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री सुबह से लेकर दोपहर बाद तक अलग-अलग मंदिरों में उपासना व भ्रमण में रत रहे। बुधवार सुबह महाशिवरात्रि पर सीएम योगी के आनुष्ठानिक कार्यक्रमों की शुरूआत गोरखनाथ मंदिर से हुई। मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में उन्होंने भगवान भोले शंकर का गोदुग्ध से रुद्राभिषेक किया। मठ के पुरोहित एवं वेदपाठी ब्राह्मणों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद



मुख्यमंत्री ने हवन तथा आरती कर चराचर जगत के कल्याण हेतु महादेव से प्रार्थना की। अनुष्ठान का यह कार्य दो घंटे से अधिक समय तक चला। इसके पूर्व मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में भी पूजन किया। उन्होंने यहां भगवान नंदी का पूजन कर भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। उल्लेखनीय है कि नाथपंथ की परंपरा में गुरु गोरखनाथ सबका कल्याण करने वाले भगवान शिव के अवतार माने जाते हैं। गोरखनाथ मंदिर के मूल में भी लोक कल्याण एवं लोक मंगल की ही भावना है। ऐसे में गोरक्षपीठाधीश्वर के लिए महाशिवरात्रि का पर्व बेहद महत्वपूर्ण होता है।

**महानगर के तीन प्रमुख शिव मंदिरों में पहुंचे मुख्यमंत्री, जलाभिषेक कर की उपासना-** गोरखनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंधियारीबाग स्थित प्राचीन मानसरोवर शिव मंदिर, राजघाट स्थित मुक्तेश्वरनाथ मंदिर और झारखंडी स्थित झारखंडी महादेव मंदिर का भ्रमण किया। इन तीनों शिव मंदिरों में उन्होंने भगवान भोलेनाथ का दर्शन, पूजन व जलाभिषेक कर लोकमंगल की कामना की। भ्रमण के दौरान सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर जगह सुरक्षा, सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा इंतजाम रखा जाए। उन्होंने इन तीनों शिवालयों पर आए श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार कर उनका कुशलक्षेम भी जाना। महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों के भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री सबसे पहले अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महादेव का दर्शन पूजन किया। भोलेनाथ को भांग, धतूरा, बेलपत्र, पुष्प आदि अर्पित कर जलाभिषेक किया। पूजन कर बाहर निकलते वक्त उनकी नजर नन्हें-मुन्ने श्रद्धालुओं पर पड़ गई। मुख्यमंत्री तुरंत बच्चों के पास पहुंचे। उनसे आत्मीयता से बातचीत की और दुलारकर आशीर्वाद दिया। मानसरोवर के बाद सीएम योगी मुक्तेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे और दर्शन, पूजन के बाद महादेव का अभिषेक किया। यहां भी उन्होंने मंदिर आए बच्चों से मुलाकात और आत्मीय संवाद कर अपना आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने यहां बच्चों को चॉकलेट गिफ्ट किया। मुक्तेश्वरनाथ मंदिर के बाद सीएम योगी महादेव झारखंडी मंदिर पहुंचे और भगवान शिवशंकर की विधि विधान से आराधना कर जलाभिषेक किया। इस दौरान उनके साथ सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि भी मौजूद रहे।

**भरोहिया में बाबा पितेश्वरनाथ का अभिषेक किया सीएम योगी ने-** महाशिवरात्रि पर्व पर दोपहर बाद मुख्यमंत्री पीपीगंज के भरोहिया स्थित बाबा पितेश्वरनाथ शिव मंदिर भी पहुंचे। यहां उन्होंने विधि विधान से बाबा पितेश्वरनाथ का दर्शन, पूजन व दूध, जल आदि अर्पित कर अभिषेक किया। यहां भी सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण, उद्धार, समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि पांडवकालीन मान्यता वाले पितेश्वरनाथ मंदिर का गोरक्षपीठ से गहरा नाता है। गोरक्षपीठाधीश्वर हर महाशिवरात्रि यहां जलाभिषेक करने आते हैं।

### *पौधरोपण कर मंदिर के सौंदर्यीकरण परियोजना की जानकारी ली सीएम ने*

*इस अवसर पर सीएम योगी ने पितेश्वरनाथ मंदिर परिसर में हरिशंकरी (पीपल, बरगद, पाकड़) का पौधरोपण किया और मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए पर्यटन विभाग द्वारा क्रियान्वित परियोजना के ड्राइंग मैप का अवलोकन कर जरूरी दिशानिर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने भरोहिया में शिव मंदिर के सामने स्थित गुरु गोरखनाथ विद्यापीठ के परिसर में स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा। भरोहिया में मुख्यमंत्री के आगमन पर विधायक फतेह बहादुर सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, जंगल कौड़िया के ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव, भरोहिया के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।*

## महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर आज बुधवार को नगर के प्रमुख मार्गों पर परम्परागत विशाल शोभायात्रा निकाली गई



**उन्नाव गंजमुरादाबाद।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर के प्रमुख मार्गों पर परंपरागत विधानसभा यात्रा निकाली गई शोभायात्रा में डेढ़ दर्जन आकर्षक झांकियों व आधा दर्जन डीजे पर सैकड़ो भक्त नाचते - गाते श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान भक्तों द्वारा प्रसाद वितरित किया गया प्रतिवर्ष की भांति नगर के ब्लाक कार्यालय के निकट स्थित नर्मदेश्वर पत्थर वाला शिवाला से शिव शोभायात्रा प्रारम्भ हुई। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने यात्रा की अगुवाई की। यात्रा में नंदी पर सवार भगवान शिव पार्वती की आकर्षक झांकी ,हनुमान, राम सीता, गणेश, लक्ष्मी, कुबेर आदि देवी-देवताओं की कुल 13 आकर्षक झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा नगर के मोहल्ला मिश्राना, अहिराना,मुख्य हरदोई उन्नाव मार्ग,लुधियाना,गढ़ी, खत्रियाना,बड़ी बाजार,गढ़ी आदि मोहल्लों में भ्रमण करती हुई नियत स्थल पर समाप्त हुई। सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार, कोतवाली बांगरमऊ के प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल , चौकी प्रभारी ऋषि कपूर आदि सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# शीघ्रता से करें जन समस्याओं का समाधान, बदमाशों को सिखाएं कानूनी सबक : मुख्यमंत्री

♦भारत टाइम्स♦

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विश्व के सबसे बड़े आयोजन प्रयागराज महाकुंभ के आखिरी स्नान पर्व (महाशिव रात्रि) पर आज तड़के से ही ऑनलाइन निगरानी करते रहे। साथ ही देवाधिदेव महादेव की आराधना के इस विशेष पर्व पर आनुष्ठानिक व्यस्तता के बावजूद उन्होंने बुधवार सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए। आमजन को सताने, धमकाने और संपत्ति कब्जा करने वाले बदमाशों को कानूनी सबक सिखाया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ



स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

**हर किसी को मिलेगी इलाज में मदद**

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

### बच्चों से ठिठोली कर सीएम योगी ने दिया आशीर्वाद

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन करने आए बच्चों पर खूब प्यार-दुलार बरसाया। उन्होंने इन बच्चों से खूब बातें की, हंसी-ठिठोली के बीच उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और फिर चॉकलेट गिफ्ट करते हुए उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करने निकले। भ्रमण के दौरान सीएम योगी की नजर परिजनों के साथ आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने सबको अपने पास बुला लिया। सभी बच्चों से उनका नाम पूछा, कहां से आए हैं और किस क्लास में पढ़ते हैं, इसकी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों से बेहद आत्मीय तरीके से संवाद करने के साथ उनसे खूब हंसी ठिठोली भी की। सबको चॉकलेट गिफ्ट देकर और सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार, आशीर्वाद दिया।*

# बालश्रम,बालविवाह करने व कराने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई किया जा सकता है

♦भारत टाइम्स♦

**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती विकास खण्ड हरिहरपुर रानी ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान द्वारा ग्राम कुरसहा में बालश्रम, बालविवाह, बालभिक्षावृत्ति एवं मानव तस्करी रोकथाम हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया बालश्रम करना व करवाना दंडनीय अपराध ह कार्यक्रम में बालश्रम बालविवाह बालभिक्षावृत्ति व मानव तस्करी आदि रोकने का प्रयास करना चाहिए यह कानूनन अपराध है।




इसे करने व कराने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई किया जा सकता है जागरुकता कार्यक्रम के दौरान उपर्युक्त अपराधों के रोकथाम हेतु चाइल्ड लाइन 1098 वूमेन पावर लाइन 1090 आपातकालीन पुलिस सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर1930/155260, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 आदि विभिन्न हेल्फ लाइन नंबरो की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सामाजिक एवं ग्रामीण कोऑर्डिनेटर राजकुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दिया और कहा कि जानकारी के अभाव से गरीब जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है कार्यक्रम में अनुज कुमार, कुलदीप, श्रीपाल, अमित, संदीप, कैलाश नाथ, प्रमोद, विजय, महेश कुमार, राम सागर, पटवारी, राकेश कुमार,नायब, कमलेश कुमार,भाई लाल, राम उजागर, पटवारी,दूभर,प्रताप नारायण मौर्या, प्रताप नारायण यादव, प्रक्रिमा प्रसाद, राम सबुरे के साथ-साथ 28 प्रतिभागी मौजूद रहे।

# कुंटलो दूध से हुआ दूधेश्वर महादेव का अभिषेक उमड़ पड़ा आस्था का सैलाब

**रहीम शेरानी। झाबुआ।** झाबुआ अनास नेगडी के संगम तट पर स्थित श्री दूधेश्वर महादेव मंदिर पर शिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रातः शुभ मुहूर्त में समाजसेवी बृजेंद्र चुन्नू शर्मा परिवार द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजन, अर्चन एवं महाभिषेक किया गया। प्रातः शुभ मुहूर्त में हवन का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। दोपहर में श्री गणेश महिला मंडल द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी भक्ति का कार्यक्रम 3 - 4 घंटे चला जिसमें उपस्थित श्रद्धालु भी भक्ति में सरोबार हुए।

**भोलेनाथ का हुआ महभिषेक-** मंदिर समिति के पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि शिवरात्रि के प्रसंग पर दिनभर यहां बड़ी संख्या में दर्शन पूजन को पधारे श्रद्धालुओं द्वारा 1500 किलो से अधिक दूध से दूधेश्वर महादेव का अभिषेक किया गया।

**15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं का हुआ आगमन –** समिति के कमलेश मचार, रवि वर्मा ने बताया कि, प्रातः 6 बजे से ही भोलेनाथ के दरबार में भक्तों का आगमन प्रारंभ हो गया, और मंदिर प्रांगण के गेट से विधिवत लाइन में खड़े होकर सांय



तक लगभग 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का दर्शन पूजन किया।

**प्रशासन रहा मुस्तैद-** मंदिर से 1 किमी पहले ही वाहनों को रोककर, वहां से श्रद्धालुओं को पैदल मंदिर तक भेजा गया। प्रशासन की इस सुंदर व्यवस्था से किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था नहीं हुई, तो वही पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग ने भी मुस्तैदी से व्यवस्था सम्भाल कर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

**क्षेत्र की कई हस्तियों ने लिया दर्शन लाभ-** पद्मश्री पुरुस्कार से सम्मानित समाजसेवक महेश शर्मा, झाबुआ विधायक डॉ विक्रांत भूरिया, पूर्व विधायक पेटलावद वालसिंह मेडा, झाबुआ एसडीएम, तहसीलदार, मेघनगर एसडीएम श्रीमती रितिका पाटीदार, तहसीलदार श्रीमती ममता मिमरोट, मेघनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन प्रजापत, मेघनगर नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश मचार, सहित जिले के कई हस्तियों ने अधिकारी कर्मचारियों ने दर्शन लाभ लिया।

**समिति एवं शर्मा परिवार ने जताया आभार-** शिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्री दूधेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने वाले और प्रसादी का लाभ लेने वाले भोलेभक्तो के प्रति समाजसेवी सुशील शर्मा, बृजेंद्र चुन्नू शर्मा, शोभित शर्मा, समिति के महेश उपाध्याय, पुरुषोत्तम शर्मा, रवि वर्मा, जितेंद्र पटेल, पंकज बडोला, रजत कावडिया, कमलेश मचार, दिविक कावड़िया, बहादुर नायक, आदि ने आभार व्यक्त किया।

# ऑल इण्डिया उर्स कमेटी के पदाधिकारियों ने ली समाजसेवा की शपथ

♦भारत टाइम्स♦

**गोरखपुर।** ऑल इण्डिया उर्स कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह का कमेटी के अध्यक्ष मुहम्मद रजा लड्डन खान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयशा हार्ड केयर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर मुश्ताक अली ने समाजसेवा व दूसरो की सहायता करने की शपथ दिलवाई। साथ ही कार्यक्रम के दौरान जाफरा बाजार शीश महल दरगाह के गद्दीनशीन सज्जाद अली रहमानी के कुरआन की तिलावत की।

सिधारीपुर शहीद अब्दुल्लाह नगर स्थित एक हाल में ऑल इण्डिया उर्स कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुर्तजा हुसैन रहमानी ने किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए डा. मुश्ताक अली ने कहा कि कमेटी वर्षों से प्रदेश में सामाजिक कार्य कर



रहीं है। जिसमें कमेटी ने दरगाहों, खानकाहों और कई सामाजिक कार्यों को संचालित किया है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा में सभी को कार्य करने के लिए आत्मनिर्भर रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आगे भी कमेटी इसी तरह की समाजसेवा का कार्य करती रहेगी।

इस मौके पर कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुहम्मद रजा लड्डन खान ने कहा कि कमेटी के पदाधिकारी समाज में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी को सारे मतभेद को भूलकर समाजसेवा के क्षेत्र में कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों को समाज सेवा में कार्य करने की जो शपथ दिलायी गयी है, उस पर खरा उतरते की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद नबीउल्लाह अंसारी ने कमेटी के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि ऑल इण्डिया उर्स कमेटी अपने उद्देश्यों को पूरा करते हुए लोगों की भलाई और सहयोग में निरंतर अग्रसर रहेगी। उन्होंने कहा कि कमेटी को मेरी जहां आवश्यकता पड़ेगी, वहां मैं हर तरीके से हाजिर रहूंगा।

समारोह को कारी मुख्तार अहमद, असरार आलम, कमर गनी, हाजी खुर्शीद आलम, गुलाम अली खान, महमूद अहमद अंसारी, मुहम्मद शमीम ने सम्बोधित किया।

कार्यक्रम के उपरांत कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गुलाम अली खान ने अतिथियों और पदाधिकारियों को उपहार देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर हाफिज अब्दुर्रहमान, रेहान मारुफी, सज्जाद अली रहमानी, महफूज आलम, मुहम्मद अहमद, मुहम्मद दिलशाद, मुहम्मद युनुस अंसारी, डा. मेराज आलम, अताउल्लाह मंसूरी, अहमद जुनेद, रमजान अली, गोलू, अख्तर आलम, मकसूद अहमद, गुड्डू, अफरोज खान, शरीफ अहमद खान, फैसल अंसारी, उस्मान खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सरपंच मंजूलता परस साहू ने अपने आश्रित ग्राम मेढकी में पेयजल समस्या का लिया जायजा



♦भारत टाइम्स♦

**बालोद।** शपथ ग्रहण के पहले,,,ग्राम सरपंच मंजूलता परस साहू ने अपने आश्रित ग्राम मेढकी में पेयजल समस्या पंचायत ओरमा के नवनिर्वाचित सरपंच मंजूलता परस साहू ने अपने आश्रित ग्राम मेढकी में पेयजल समस्या को ध्यान में रखते हुए वाटर लेवल डाउन होने कारण 30 फीट अतिरिक्त पाइप डालकर नीचे उतारा गया उक्त अवसर पर सरपंच मंजूलता परस साहू,पंच शीवभजन यादव गुणवंत लाल श्रीवास्तव,बबला देवेंद्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ नागरिक गिरधारी लाल साहू,तेजराम यादव,अभिजीत श्रीवास्तव भेश कुमार साहू, पंप ऑपरेटर कमलेश साहू।



# महाशिवरात्रि पर काशी में भव्य नजारा, मंगला आरती के बाद निकली अखाड़ों की शोभायात्रा

## वीआईपी और प्रोटोकॉल दर्शन पर पूरी तरह से रोक

*श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वीआईपी और प्रोटोकॉल को निरस्त कर दिया गया है, ताकि हर भक्त को बाबा के दर्शन का समान अवसर मिले। मंगलवार रात 2:15 बजे मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट खोले गए और बाबा को दूल्हे की तरह सजाया गया। वहीं काशी के गंगा घाटों पर महाशिवरात्रि के पर्व पर बड़ी संख्या में स्नानार्थियों ने पहुंचकर पुण्य की डुबकी लगाई। सीएम योगी के निर्देश पर वरिष्ठ अफसरों की देखरेख में किए गए इंतजाम न केवल श्रद्धालुओं के लिए सुखद अनुभव बना रहे हैं, बल्कि काशी की वैश्विक पहचान को भी मजबूत कर रहे हैं। भक्तों का कहना है कि योगी सरकार की सक्रियता से यह महाशिवरात्रि ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बन गई है।*

♦भारत टाइम्स♦

**९वाराणसी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा है। इस बार करीब 25 लाख भक्तों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है, जो पिछले सभी रिकॉर्ड्स को पार कर रहा है। आधी रात से ही मंदिर के बाहर 3 किलोमीटर लंबी कतारें लगी हैं और बाबा विश्वनाथ लगातार 46 घंटे तक भक्तों को दर्शन देंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उच्चाधिकारी लगातार क्षेत्र का दौरा कर हालात का जायजा लेते दिखे।

**महाकुम्भ के पलट प्रवाह से उमड़ी श्रद्धालुओं की ऐतिहासिक भीड़-** महाशिवरात्रि का यह उत्सव काशी में उस समय और भी खास हो गया, जब महाकुम्भ का पलट प्रवाह यहां देखने को मिला। कुम्भ और महाशिवरात्रि का यह संयोग वर्षों बाद बना है, जिसने श्रद्धालुओं की संख्या को अभूतपूर्व स्तर पर पहुंचा दिया है। सीएम योगी के निर्देश पर मंदिर न्यास और जिला प्रशासन ने इस अपार जनसमूह को संभालने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। काशी विश्वनाथ धाम परिक्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए पुलिस, अर्धसैनिक बल, एटीएस कमांडो और एसटीएफ तैनात हैं। उच्चाधिकारी लगातार क्षेत्र का दौरा कर हालात का जायजा ले रहे हैं।



**साधु-संतों और श्रद्धालुओं की अगवानी के लिए खड़े रहे अफसर-** काशी में महाशिवरात्रि पर अखाड़ों की शोभायात्रा भी इस बार भव्यता के साथ निकली। जूना अखाड़े के नागा साधु त्रिशूल, तलवार और गदा लेकर हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए निकले। पेशवाई का स्वागत फूलों की वर्षा और माल्यार्पण के साथ किया गया। सीएम योगी के निर्देश पर काशी विश्वनाथ धाम के गेट नंबर चार पर मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा और पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी एस राजलिंगम सहित आला अधिकारियों ने नागा

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाशिवरात्रि पर सपत्नीक भगवान महाकाल की पूजा कर अभिषेक किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक महाशिवरात्रि महापर्व पर महाकाल मंदिर में बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान बाबा श्री महाकाल का जल, दुग्ध अभिषेक भी किया।



## विक्रम महोत्सव 2025 के पूर्व कलश यात्रा का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नव जागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव-2025 समारोह के शुभारंभ के पहले बुधवार सुबह कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्रीराम तिवारी निदेशक-महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, डॉ. प्रशांत पुराणिक, डॉ. रमण सोलंकी, संजय यादव, संजय अग्रवाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# प्रदेश के हर दिव्यांग को आत्मनिर्भर बना रही योगी सरकार

- कृत्रिम सहायक उपकरणों के लिए 35 करोड़ का बजट, इलाज में नहीं होगी बाधा, योगी सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए 10 करोड़ की अनुदान योजना लागू की

## योगी सरकार ने बजट में खोला 1424 करोड़ रुपये का खजाना

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने 2025-26 के बजट में दिव्यांगजन कल्याण के लिए 1424 करोड़ रुपये की बड़ी राशि प्रस्तावित की है। यह प्रावधान न केवल उनकी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दिव्यांगजन अक्सर आर्थिक अस्थिरता के कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करते हैं। उनकी इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने भरण-पोषण अनुदान योजना के तहत 1424 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है ताकि वे अपने जीवनयापन के लिए किसी पर निर्भर न रहें। दिव्यांगजन की जीवनशैली को सरल और सुगम बनाने के लिए सरकार ने 35 करोड़ रुपये का बजट कृत्रिम श्रवण सहायक यंत्र, व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल और अन्य सहायक उपकरणों के लिए प्रस्तावित किया है। यह पहल उन्हें शारीरिक रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगी। तकनीक की सहायता से दिव्यांगजन अब नए अवसरों की ओर बढ़ सकेंगे।

**दिव्यांगजनों के इलाज में अब नहीं आएगी बाधा-** स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक का अधिकार हैं, लेकिन आर्थिक समस्याओं के कारण दिव्यांगजन अक्सर उचित इलाज से वंचित रह जाते हैं। इस समस्या को हल करने के लिए योगी सरकार ने 10 करोड़ रुपये की राशि असहाय दिव्यांग व्यक्तियों के इलाज हेतु अनुदान योजना के लिए तय की है। इस अनुदान से दिव्यांगजन को समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी, जिससे उनका जीवन सुगम होगा। इसके अलावा दिव्यांग बच्चों की देखभाल और शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने प्रदेश के 18 मंडलों में बचपन डे केयर सेंटर स्थापित किए हैं। इन केंद्रों में 3 से 7 वर्ष के श्रवणबाधित, मानसिक मंदित और दृष्टिबाधित बच्चों के लिए विशेष शिक्षा और देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना से दिव्यांग बच्चों को सही मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे वे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकेंगे।

**दिव्यांग सशक्तीकरण की दिशा में योगी सरकार का ऐतिहासिक कदम-** योगी सरकार की यह पहल न केवल दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन जीने के लिए प्रेरित भी करेगी। सीएम योगी का मानना है कि विकास का असली अर्थ तभी है, जब समाज के सबसे कमजोर वर्ग की जरूरतें पूरी हो और उन्हें उनका अधिकार मिलें। सीएम योगी की अगुवाई में मनरेगा योजना को इस तरह से लागू किया गया है कि दिव्यांगजन भी इस योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्यमंत्री का यह प्रयास प्रदेश के समग्र विकास और समाज के सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मनरेगा योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को उनकी योग्यता, क्षमता और कार्यकुशलता के अनुसार रोजगार प्रदान किया जा रहा है। समाज के इस वर्ग को भी आजीविका का समान अधिकार मिले इसके लिए सीएम योगी प्रयासरत हैं। इसी के मद्देनजर वर्ष 2017-18 से लेकर अब तक 1.24 लाख से अधिक दिव्यांग जनों को रोजगार देकर उनकी आजीविका को सशक्त बनाया गया है। इन दिव्यांगजनों के माध्यम से अब तक 44.64 लाख मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं। मनरेगा के तहत दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ रही योगी सरकार- मनरेगा योजना के अंतर्गत जरूरतमंद श्रमिकों को उनकी मांग के अनुसार 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

# धर्म से बड़ा इस संसार में कोई नहीं है जो इसकी रक्षा करेगा धर्म उसकी रक्षा करेगा: दीवान माधवसिंह

♦भारत टाइम्स♦



**बेंगलूरू।** सीरवी समाज ट्रस्ट सुकतंकट्टे बेंगलूरू पश्चिम के तत्वाधान में महाशिवरात्रि के अवसर पर धर्मगुरू दीवान माधवसिंह के सानिध्य में मागडी रोड तावरेकेरे स्थित आईजी वाटीका में अस्थाई तस्वीर स्थापन, अखंड ज्योती स्थापना एवं पाट की स्थापना की गई। आईजी वाटीका में श्रद्धा , भक्ति एवं उमंग की त्रिवेणी देखने को मिली। दीवान साहब के स्वागत के लिए भव्य वरघोड़ा निकाला गया। सुबह गेर मंडल के कलाकारों के गेर नृत्य की प्रस्तुति तथा माता की भव्य झांकी के साथ भव्य वरघोड़ा निकाला गया। वरघोड़े में सवार धर्मगुरू दिवान माधवसिंह ने सभी श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। वरघोडा में पारंपरिक वेशभुषा में सज-धज कर महिलाएं कलश लिए शामिल हुई। वरघोड़ा विभिन्न मार्गो से होते हुए वापच आईजी वाटीका पहुंचकर धार्मिक महोत्सव में परिवर्तित हो गया। आईमाता की पूजा-अर्चना, स्तुति व दीप प्रज्वलित कर माँ आईजी की आरती का सामूहिक गायन किया गया। तत्पश ?चात आईमाताजी एवं धर्मगुरू दीवान साहब की जयघोष के साथ विशेष सभा की शुरूआत हुई। संस्था के अध्यक्ष इन्दरलाल सोलंकी एवं सचिव अशोक परिहार ने स्वागत किया। दीवान माधवसिंह ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म की जड़ हरि होती है। उन्होंने कहा कि हर शहर में समाज भवन व मंदिर होना अति आवश्यक है। ताकि सुबह शाम महिला, पुरूष, बच्चें, बड़े व बुजुर्ग मंदिर जाकर दर्शन करेंगे, उससे पूरे दिन चर्या व्यवस्थित बनी रहेगी। दीवान ने कहा कि आपको प्राकृतिक एनर्जी मिलेगी। जो सुबह शाम मंदिर जाएगा व कभी गलत काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि धर्म से बड़ा इस संसार में कोई नहीं है जो धर्म की रक्षा करेगा धर्म उसकी रक्षा करेगा। इससे पूर्व दीवान माधवसिंह के करमलों द्वारा प्रातः 08.15 बजे आईजी वाटिका में सर्वप्रथम पुजा-अर्चना की गई, शुभ मुहूर्त में प्रातः अस्थाई तस्वीर स्थापना, अखंड ज्योति एवं पाट स्थापना की गई। भजन कीर्तन कार्यक्रम में राजस्थान से आए प्रसिद्ध भजन गायक कलाकारों ने माता के भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजनों पर समाज बंधु झूमते रहे। भजनों के दौरान सुंकदकट्टे में प्रस्तावित नवनिर्माण हेतु आईमाता मंदिर व समाज भवन निर्माण कार्य के लिए बोलियां रखी गई। जिसमें समाज बंधुओ ने बढ़चढ़कर बोलियों का लाभ लिया। लाभार्थियों व अतिथियों का समाज की ओर से माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया। सचिव अशोक परिहार ने कहा कि समाज भवन बनने से समाज में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकेगा तथा जरूरत विधार्थियों को रहने कि सुविधा भी मिलेगी। अध्यक्ष इंदरलाल सोलंकी ने सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पधारे सभी समाज बन्धुओ ने महाप्रसादी ग्रहण किया। संचालन संस्था केसचिव अशोक परिहार ने किया।

# प्रयागराज आकर भावुक हुई प्रीति जिंटा, सोशल मीडिया पर साझा किया अनुभव

♦भारत टाइम्स♦

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ-2025 के अंतर्गत बुधवार को हुए आखिरी स्नान पर्व पर प्रीति जिंटा ने भावुक कर देने वाला आध्यात्मिक पोस्ट किया। सोशल मीडिया पर उनकी यह पोस्ट कुछ दिन पहले हुई तीर्थराज प्रयागराज की यात्रा से जुड़ी रही जिसमें अध्यात्मिक अनुभूतियों का समावेश रहा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर अपने ऑफिशियल अकाउंट से प्रयागराज महाकुम्भ में अपनी यात्रा से जुड़ा हुआ एक वीडियो शेयर करते हुए अपनी आध्यात्मिक अनुभूति के बारे में विस्तार से लिखा।

**कुम्भ मेले में आना जादूई और दिल को छूने वाला अनुभव-** प्रयागराज महाकुम्भ को लेकर सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कुंभ मेले में यह मेरा तीसरा मौका था और यह जादुई, दिल को छूने वाला तथा थोड़ा दुखद था। जादुई इसलिए क्योंकि मैं चाहे जितनी भी कोशिश कर लूं, मैं यह नहीं बता सकता कि मुझे कैसा महसूस हुआ। दिल को छूने वाला



इसलिए क्योंकि मैं अपनी मां के साथ गयी थी और यह उनके लिए दुनिया से बढ़कर था। दुखद इसलिए क्योंकि मैं जीवन और मृत्यु के विभिन्न चक्रों से मुक्त होना चाहती थी, लेकिन मुझे जीवन और आसक्ति के द्वंद्व का अहसास हुआ।

**मुझे विश्वास है कि सभी जिज्ञासाओं का मिलेगा उत्तर-** प्रीति जिंटा ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा कि क्या मैं अपने परिवार, अपने बच्चों और अपने प्रियजनों को छोड़ने के लिए तैयार हूं? नहीं! मैं तैयार नहीं हूं! यह बहुत ही भावुक और विनम्र करने वाला होता है जब आपको यह अहसास होता है कि आसक्ति के तार मजबूत और शक्तिशाली हैं और चाहे आपकी आसक्ति कुछ भी हो, आखिरकार आपकी आध्यात्मिक यात्रा और आगे की यात्रा अकेले ही होगी! मैं इस धारणा के साथ वापस आयी कि हम आध्यात्मिक अनुभव वाले मनुष्य नहीं हैं बल्कि आध्यात्मिक प्राणी हैं जो मानवीय अनुभव कर रहे हैं। इसके आगे मुझे नहीं पता, लेकिन मुझे विश्वास है, मेरी जिज्ञासा निश्चित रूप से उन सभी उत्तरों की ओर मार्ग प्रशस्त करेगी जिनकी मुझे तलाश है... तब तक, हर हर महादेव।

# महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं पर हुई पुष्पवर्षा, महादेव के जयकारों से गूंजी महाकुम्भ नगरी

## योगी सरकार ने 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों से महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व पर कराई पुष्पवर्षा

♦भारत टाइम्स♦

महाकुम्भ नगर। अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर योगी सरकार ने संगम स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए उन पर हेलीकॉप्टर के जरिए पुष्पवर्षा कराई। पिछले सभी प्रमुख स्नान पर्वों पर सरकार फूलों की वर्षा करा चुकी है। इसी क्रम में बुधवार को महाशिवरात्रि पर भी इस परम्परा का पालन करते हुए 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्पवर्षा कराई गई। इसकी शुरूआत सुबह 8 बजे से ही हो गई, जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम के विभिन्न तटों पर स्नान कर रहे थे। आसमान से गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम, हर हर महादेव, गंगा मइया और तीर्थराज के जयकारे लगाए। अपनी



धार्मिक आस्था को सम्मान दिए जाने पर श्रद्धालुओं ने योगी सरकार की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

**आसमान से बरसाई गई 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियां-** महाशिवरात्रि का स्नान पर्व दिव्य-भव्य महाकुम्भ-2025 का अंतिम महत्वपूर्ण स्नान है। मंगलवार-बुधवार की रात से ही संगम तट पर लाखों श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। उपनिदेशक उद्यान, प्रयागराज मंडल कृष्ण मोहन चौधरी ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुष्पवर्षा की तैयारी पहले ही कर ली गई थी। सभी श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा के लिए लगभग 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों की व्यवस्था की गई थी।

**सभी घाटों पर 5 से 6 बार हुई पुष्प वर्षा-** पुष्प वर्षा के प्रभारी वीके सिंह ने बताया कि त्रिवेणी संगम स्थित स्नान घाटों पर 5 से 6 राउंड पुष्प वर्षा की गई। पहले राउंड का आयोजन सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। इसके तहत, हेलीकॉप्टर के जरिए श्रद्धालुओं पर आकाश से पुष्प वर्षा की गई। यह नजारा न केवल श्रद्धालुओं के लिए अद्वितीय रहा, बल्कि महाकुम्भ की दिव्यता को और बढ़ाने वाला भी रहा। हर राउंड के लिए गुलाब की पंखुड़ियों को व्यवस्थित रूप से पहले से ही अलग-अलग तैयार कर रखा गया था।

**अब तक 120 क्विंटल फूलों की हुई वर्षा-** उन्होंने कहा कि योगी सरकार के निर्देश पर सभी अमृत स्नान और स्नान पर्व पर 20-20 क्विंटल पुष्पवर्षा कराई गई है। इस दौरान अबतक लगभग 120 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों की व्यवस्था की गई थी। इस विशेष आयोजन के जरिए महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को एक नया अनुभव देने की कोशिश है।

# एंबुलेंस ने मारी ई रिक्शा को टक्कर




♦भारत टाइम्स♦

**उन्नाव फतेहपुर चौरासी।** कालीमिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर बुधवार को गंगा स्नान करके ई रिक्शा से बैठ कर लोग घर जा रहें थे।अभी वह लवानी गांव के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहीं एंबुलेंस से ई रिक्शा की आमने सामने टक्कर हो गई।जिससे क्षेत्र के गांव गुरुदीन खेड़ा निवासी रेखा,अमन सहित परमेश्वर बुरी तरह घायल हो गए।वहीं कस्बा के मोहल्ला सुभाष नगर पश्चिमी निवासी आदिल खां बाइक से कानपुर जा रहा था तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर खंती में जा गिरी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। वहीं आसपास के लोगों ने दूसरी एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां सभी का उपचार किया गया।